26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 17 फरवरी, 2026
अंक- 115 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## प्यारे दोस्त मैक्रों..

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करके भारत यात्रा पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों का स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा भारत में आपका स्वागत है! भारत आपके आने और हमारे आपसी रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का इंतजार कर रहा है, मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी बातचीत से अलग-अलग सेक्टर में सहयोग और मजबूत होगा और दुनिया भर में तरक्की में मदद मिलेगी। मुंबई में और बाद में दिल्ली में मिलते हैं, मेरे प्यारे दोस्त इमैनुएल मैक्रों।


# आरोग्यम हॉस्पिटल

मण्डावर रोड, निकट जजी चौक, बिजनौर
मो0 8923553881, 9528202224

**डॉ. रोबिन तायल**
MBBS, D.Ortho, DNB
पूर्व चिकित्सक- के.जी.एम.सी., लखनऊ
अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. निधि अग्रवाल**
MBBS, MS, FIMR
पूर्व चिकित्सक- सेंटर फार साइट, नई दिल्ली
लायन आई हॉस्पिटल, गाजियाबाद
नेत्र रोग व रेटिना विशेषज्ञा

उपलब्ध सुविधाएँ

ICU, DIGITAL X-RAY, EMERGENCY, BLOOD TEST, ECG........ 24 HOURS.

- एक्सीडेंट व चोट का इलाज।
- घुटने (Knee), व कुल्हे प्रत्यारोपण (Joint Replacement)
- रीढ़ की हड्डी का इलाज (Spine Surgery)
- C-Arm मशीन द्वारा ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन (Arthroscopy)
- प्लास्टर की सुविधा।
- बच्चो के टेढ़े हाथ-पैर का इलाज।
- अत्याधुनिक मशीनो से नेत्र परीक्षण।
- चश्मे की सुविधा।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन।
- नखुना, काला मोतिया का ऑपरेशन।
- लेजर द्वारा लेंस की झिल्ली काटने की सुविधा।
- बच्चेदानी, हर्निया, पित्त की थैली, जबड़े के ऑपरेशन।

रेटिना क्लीनिक

ROP Screening नवजात बच्चे के पर्दे की जाँच
OCT पर्दे की परतों की महीन जांच
Diabetic/Hypertensive Retinopathy Screening बीपी व शुगर से कमजोर पर्दे की जांच व इलाज
Colour Funds photo पर्दे का रंगीन फोटो
Retina Laser पर्दे की बीमारियों का लेजर द्वारा इलाज
Retina Injection पर्दे की बीमारियों का इंजेक्शन द्वारा इलाज

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत इलाज व ऑपरेशन की सुविधा 24/7 Emergency Services
पता- मण्डावर रोड, निकट जजी चौक, बिजनौर


# कांग्रेस का हल्ला बोल!

## विधानसभा घेराव करने पहुंचे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज, कई गिरफ्तार



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। लखनऊ कांग्रेस ऑफिस के बाहर कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक आराधना मिश्रा समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। फिलहाल मौके पर गहमागहमी का माहौल है। दरअसल, अजय राय ने सोमवार को मनरेगा और शंकराचार्य मुद्दे को लेकर विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। इस समय विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। इसे देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई। मनरेगा और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर रही है, जिसे देखते हुए कई बड़े नेताओं को नजरबंद किया गया है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजधानी लखनऊ में विधानसभा का घेराव करने के लिए कूच कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई। प्रदर्शन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, नेता विधानमंडल कांग्रेस आराधना मिश्रा मोना, विधायक वीरेंद्र चौधरी समेत कई सांसद, पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार में अपराध लगातार बढ़ रहा है। पार्टी का कहना है कि सरकार जाति और धर्म के आधार पर दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों को निशाना बना रही है और अपराधियों को संरक्षण दे रही है।


## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये
- अलमीरा कारीगर- 10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177



बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेंट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन





ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।



# बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# देश की पहली महिला जूरी जज डॉ. हिमानी सिंह दिल्ली में सम्मानित




**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर क्षेत्र के ग्राम मानपुर शिवपुरी निवासी इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन की महिला जूरी जज डॉक्टर हिमानी सिंह को दिल्ली के तुगलकाबाद स्थित डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में सम्मानित किया गया। यह सम्मान फेडरेशन के सदस्य डेविड गुड फेलो जर्मनी एवं पालगन जर्मनी ने प्रशस्ति-पत्र देकर प्रदान किया। डॉ. हिमानी सिंह आगामी 22 फरवरी को मोहाली चंडीगढ़ में राइफल और पिस्तौल की होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में शामिल होंगी। डॉ. हिमानी सिंह ने बताया कि वह आईएसएसएफ की देश की पहली महिला जूरी जज नियुक्त हुई हैं, जिन्हें यह खिताब फेडरेशन की ओर से दिया गया है।

उन्होंने बताया कि वह शूटिंग के क्षेत्र में बच्चों को आगे आने के लिए प्रेरित करने के साथ ही देश का एक होनहार आर्मी मैन बनाने के प्रयास में लगी हुई हैं। हिमानी सिंह की इस गौरवशाली उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके पिता एवं ग्राम मानपुर शिवपुरी निवासी समाजसेवी ठाकुर भूपेंद्र सिंह बाटा ने बताया कि उनकी होनहार एवं लाडली बिटिया कि अब तक अर्जित की गई विभिन्न उल्लेखनीय उपलब्धियों को लेकर परिवार एवं ग्राम में खुशियों का माहौल बना हुआ है और बधाइयां एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। चिंगारी परिवार डॉ. हिमानी सिंह के उज्जवल जीवन की कामना करता है।

# 2027 विस चुनाव से पहले दलितों को साधने में जुटी भाजपा




**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सत्ता बरकरार रखने की कवायद में जुटी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दलित मतदाताओं को लेकर विशेष रणनीति तैयार की है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा नेताओं को बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ न बोलने की सलाह दी गई है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कुछ क्षेत्रों में दलित वोटों के खिसकने के संकेत मिलने के बाद पार्टी ने सामाजिक समीकरणों पर नये सिरे से काम शुरू किया है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, भाजपा की रणनीति के केंद्र में दलित महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर व्यापक आयोजन कर समाज के विभिन्न वर्गों से सतत संवाद स्थापित करना है। पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसमें डॉक्टर भीम राव आंबेडकर, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, संत रविदास, बिरसा मुंडा, अहिल्याबाई होल्कर समेत करीब डेढ़ दर्जन महापुरुषों से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। उद्देश्य है कि इन आयोजनों के माध्यम से दलित समाज के बीच पार्टी की पैठ और मजबूत की जा सके। भाजपा सूत्रों की मानें तो पार्टी संगठन को निर्देश दिये गये हैं कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ता दलित बस्तियों में नियमित संपर्क बनाए रखें। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद, स्थानीय स्तर पर छोटी बैठकों का आयोजन और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। भाजपा मानती है कि सामाजिक इंजीनियरिंग और प्रत्यक्ष संवाद के जरिए ही 2027 में मजबूत आधार तैयार किया जा सकता है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भाजपा ने बहुजन राजनीति की प्रमुख नेता मायावती पर सीधा हमला करने से परहेज की रणनीति अपनाई है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया आदर्श विद्या निकेतन का वार्षिक उत्सव



**किरतपुर (चिंगारी)।** आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज ताहरपुर भोजपुर में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूप बाल्मीकि (क्षेत्रीय मंत्री भाजपा) रहे। विशिष्ट अतिथियों में ललित कुमार (क्रीड़ा भारती प्रांत सहमंत्री), वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, मुसैब सिद्दीकी, शरीफ़ मलिक,भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत, अमित कुमार श्रीराम मेडिकल वाले, गौरव कुमार साजन सर्जिकल वाले, सुमित चौधरी, जितेंद्र कुमार,अरविंद कुमार, अंकित, मास्टर विकास राजपूत, नज़्मी मास्टर, नितिन सीआरपीएफ, आदर्श राजपूत सहित अनेक सम्मानित नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनगिनत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, एकल नृत्य, नाटक, कविताएं और प्रेरणादायक लघु नाटिकाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया।

विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों से भी समृद्ध करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का समस्त स्टाफ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर मेहनत कर रहा है। प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार राजपूत स्वयं भी अपने शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यालय की प्रगति के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। अंत में अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, अनुशासन और विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## इनको सम्मानित किया गया

**विद्यालय से पढ़कर निकल चुके और वर्तमान में सरकारी नौकरी में चयनित विद्यार्थियों को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे वर्तमान विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। साइंस एग्जीबिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं और 12वीं के टॉपर छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।**


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।

फाइनेंस सुविधा उपलब्ध

*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

बारात में फायरिंग से सनसनी
( पेज 10 )



# हड़ताल और चुनाव को लेकर जिला बार में तकरार

## अध्यक्ष व महासचिव ने 31 मार्च के बाद चुनाव की बात कही

## दूसरे गुट के पदाधिकारियों ने इस्तीफे देकर चुनाव समिति गठित की

**बिजनौर (चिंगारी)। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव और हड़ताल को लेकर बार दो फाड़ हो गई है। एक तरफ जिला बार एसोसिएशन ने 31 मार्च के बाद चुनाव कराने की बात कही है, तो दूसरी तरफ वरिष्ठ अधिवक्ता विरेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में 11 सदस्यीय चुनाव कमेटी गठित कर दी है।**

**जिला बार** एसोसिएशन की बैठक सोमवार को हुई जिसमें 31 मार्च तक सभी अधिवक्ताओं को सदस्यता शुल्क जमा करने का प्रस्ताव पारित किया है। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह और महासचिव विशाल अग्रवाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेश चाहल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सयुक्त सचिव लाइब्रेरी अंकुर गौर, संयुक्त सचिव सांस्कृतिक ममतेश चौहान, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी महेन्द्र सैनी ने 13 फरवरी को बिना कारण हड़ताल का दबाव बनाया और हड़ताल से इन्कार करने पर अपने-अपने पदों से त्यागपत्र देने का 'नाटक' किया, जबकि उक्त लोगों द्वारा कोई त्यागपत्र अध्यक्ष या महासचिव को नहीं दिया गया है।

जिला बार ने विज्ञप्ति में बताया कि रमजान होने के कारण अभी चुनाव कराना उचित नहीं होगा। अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि 31 मार्च 2026 तक सभी जिला अपना सदस्यता शुल्क जमा कर दें, जिससे जिला बार के आगामी चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु शीघ्र एल्डर्स कमेटी से अनुमोदित चुनाव कमेटी घोषित कर चुनाव संपन्न कराया जा सके। 31 मार्च के तुरन्त बाद अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी।

उधर, दूसरे पक्ष के अधिवक्ता मुनेश चाहल, रणजीत सिंह, ममतेश चौहान और महेन्द्र सैनी ने बताया कि जिला बार का कार्यकाल पूर्ण होने पर भी चुनाव न कराने के विरोध में उन्होंने इस्तीफा दिया है। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता विरेन्द्र पाल सिंह को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर उन्हें चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। उनके सहयोगी के रूप में सर्वश्री सुरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, हरिसिंह, अजयपाल सिंह, नरदेव सिंह, राजीव त्यागी, पीताम्बर सिंह, संजीव कुमार, प्रीति चौहान, राजीव सिंह, शेखर यादव को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव के लिये सदस्यता शुल्क 22 फरवरी तक जमा करने का निर्णय हुआ।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# व्यापार मंडल ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**बिजनौर (चिंगारी)।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की जिला इकाई द्वारा आज मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, नई दिल्ली को संबोधित ज्ञापन बिजनौर में मुख्य खाद्य अधिकारी को सौंपा। संगठन के प्रांतीय महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष मनोज कुमार कुच्छल के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में 18 सूत्रीय मांगें शामिल हैं, जिनमें मुख्य रूप से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में रजिस्ट्रेशन के लिये टर्न ओवर 12 लाख के स्थान पर 40 लाख किये जाने, फूड एक्ट का लाइसेंस न पाये जाने पर सजा का प्रावधान खत्म करने, ऑन लाइन व फूड चेन सप्लाइ डिलीवरी करने वाले लोगों का रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस बनाये जाने, प्रत्येक जिले में अलग से रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त करने, पैकिंग के सामान में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सिर्फ पैकिंग करने वाली फर्म या कम्पनी को ही दोषी माना जाये, होल सेलर रिटेलर को दण्डित न किया जाये, ऑन लाइन फूड सप्लाई चेन की भी नियमानुसार सैम्पलिंग की जाये, दुकानदारों की सैम्पलिंग करते समय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को मौके पर बुलाया जाये, सैम्पलिंग करने से पहले शिकायतकर्ता की सत्यता की जांच कर ली जाये तथा मिलावट के पुख्ता सबूत होने पर ही सैम्पलिंग की जाये, खेती में कीटनाशक व रासायनिक खाद डालने के मानक तय किये जायें, समाधान योजना चलाकर व्यापारियों का पिछला जुर्माना माफ किया जाये, सर्विलांस सैम्पलिंग की व्यवस्था तुरंत समाप्त की जाये, अभिहित अधिकारी कार्यालय में समन शुल्क जमा करने की व्यवस्था की जाये तथा खाद्य सुरक्षा अपील अभिकरण की स्थापना की जाये। ज्ञापन देने वालों में बीएस राजपूत, रजनीश अग्रवाल, मुनीश त्यागी, गजेन्द्र चौहान, साहिल मदान, सुमित कुमार, चिराग सेठी, हितेश भाटिया, चन्द्रपाल सिंह, जितेन्द्र नरूला, मानस सचदेवा, प्रसून अरोड़ा, दीपक अरोड़ा, राकेश आदि शामिल रहे।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट





फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## बढ़ रहा धरती का तापमान

जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर विकसित और विकासशील देशों की आपसी तनातनी के बीच पिछले दिनों हुए एक अध्ययन में पता चला है कि इस दौर में पिछले 11,300 सालों के मुकाबले धरती का तापमान सबसे अधिक है और तापमान बढ़ने की यह प्रक्रिया रुकी नहीं है बल्कि जारी है। इस अध्ययन में संसार के 73 शहरों के आंकड़ों का जायजा लिया गया। वैज्ञानिकों ने इन आंकड़ों के माध्यम से हिमयुग की समाप्ति से लेकर इस दौर तक धरती के तापमान की रूपरेखा तैयार की। इसके आधार पर अनुमान लगाया गया कि धरती पिछले 11,300 साल के लगभग 80 फीसद काल में जितनी गर्म थी, उससे कहीं ज्यादा गर्म आज है। यह अध्ययन ओरेगोन स्टेट विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ अर्थ, ओशन एवं एटमोसफेरिक सांइसेज में सम्पन्न हुआ। इसको सम्पन्न करने वाले मुख्य वैज्ञानिक शान मारकोट के अनुसार धरती पिछले 2000 सालों की तुलना में आज ज्यादा गर्म है। धरती का तापमान लगातार बढ़ने के कारण ही अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के बाद विश्व में बर्फ के तीसरे सबसे बड़े भंडार माने जाने वाले कनाडा के ग्लेशियरों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो इन ग्लेशियरों के पिघलने से दुनिया भर के समुद्रों का जलस्तर बढ़ जाएगा। ज्यालिजिकल रिसर्च लेटर्स नामक शोध-पत्रिका में प्रकाशित एक आलेख में कुछ ऐसी ही चिंताएं प्रकट की गई हैं। नीदरलैंड और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने इस शोध-पत्रिका में दावा किया है कि जलवायु परिवर्तन की तीव्रता देखते हुए इन ग्लेशियरों के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगना तय है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस सदी के अन्त तक इन ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्रों के जलस्तर में दो सेंटीमीटर की वृद्धि हो सकती है। इस दौरान जलस्तर में कुल मिलाकर 18 से 59 सेटीमीटर की वृद्धि होगी। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस दौर में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के ग्लेशियरों पर काफी शोध एवं अध्ययन हो रहा है लेकिन हमें कनाडा के ग्लेशियरों पर भी शोध करना चाहिए। अगर हम कनाडा के ग्लेशियरों के अध्ययन को नजरअंदाज करेंगे तो निश्चित रूप से इसके दुष्परिणाम भुगतने होंगे।

# शहादत, सियासत और वो अनसुलझा सवाल

## जन-जन के लाडले और स्वतंत्रता सेनानी अतीकुर्रहमान की याद में..

पुण्यतिथि ( 17 फरवरी ) पर विशेष

**मौत उसकी है करे जिसका जमाना अफसोस-**
**वरना दुनिया में सभी आये हैं मरने के लिये।**



आज से ठीक 55 वर्ष पूर्व, 17 फरवरी 1971 की वो सुबह भारतीय राजनीति के आकाश पर एक काला साया लेकर आई थी। रेडियो पर प्रसारित एक ख़बर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया- 'अतीकुर्रहमान अब इस दुनिया में नहीं रहे।' बिजनौर की मिट्टी का वो लाल, जो स्वतंत्रता आंदोलन की भट्टी में तपकर कुंदन बना था, जिसका भविष्य उत्तर प्रदेश की राजनीति में सूर्य की तरह चमक रहा था, उसकी जीवन लीला मात्र 44 वर्ष की आयु में समाप्त हो गई।

अतीकुर्रहमान की लोकप्रियता का आलम यह था कि उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही धर्म और जाति की दीवारें ढह गईं। उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह बिजनौर में एक चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। जैसे ही उन्हें अपने पुराने साथी और दोस्त के पुत्र की मृत्यु की सूचना मिली, वे स्तब्ध रह गए। 'शोक की मूर्ति' बने चौधरी साहब ने जनसभा रद्द कर दी और सीधे अस्पताल पहुंचे। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में अतीकुर्रहमान उनके साथ जेल की सलाखें काट चुके थे।

धुर राजनैतिक विरोधी लेकिन सच्चे दोस्त 'बिजनौर टाइम्स' के संपादक बाबू सिंह चौहान इस कद्र दहाड़े मार-मार कर रोए कि पूरा मजमा फफक पड़ा। उन्होंने निडर होकर कहा था 'अतीक की मौत प्राकृतिक नहीं है!'

18 फरवरी को जब अतीकुर्रहमान का पार्थिव शरीर नगीना की जामा मस्जिद लाया गया, तो छतों पर खड़ी महिलाओं की आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। इतिहास गवाह है कि नगीना ने कभी इतना बड़ा जनसमूह नहीं देखा था। उन्हें उनके बहादुर पिता, महान स्वतंत्रता सेनानी हाफिज मोहम्मद इब्राहिम की कब्र के पास अर्थात उनकी गोद में सुपुर्दे-खाक किया गया।

अतीकुर्रहमान साहब की शख्सियत ऐसी थी कि क़लमकारों ने अपने खून से उनके लिए मर्सिये (शोक गीत) लिखे। प्रसिद्ध शायर मोहम्मद यामीन खां 'शौक़' बिजनौरी ने अपनी व्यथा इन शब्दों में पिरोई थी-**अतीक मौत का तेरी अजीब काम हुआ, अजल बचा गई दामन न उसका नाम हुआ/ अधूरा रह गया अफसोस तेरा अफसाना, हयात का तेरी किस्सा कहां तमाम हुआ॥**

शौक़ साहब ने उनकी मृत्यु के रहस्य पर चोट करते हुए आगे लिखा-
**फसाना मौत का तेरी अजीब राज रहा, न जाने कब से अजल से यह साजबाज रहा/ हयात में तो किसी से तू बैनियाज न था, अतीक शौक़ से क्यूं आज बैनियाज रहा॥**

अलीगढ़ के दिलगीर समर छतावरी ने भी उनके जाने को 'गुलशने मिल्लत' (कौम के बगीचे) का नुकसान बताते हुए लिखा-
**'क्या गजब ढाया है तूने ऐ अजल, गुलशने मिल्लत का छीना है कंवल/ लिख समर तारीख साले इरतहाल,/बागे जन्नत में गया मर्दे अमल॥'**

अतीकुर्रहमान की मृत्यु आज भी एक गहरा राज है। 16/17 फरवरी की रात 11:30 बजे वे सोए थे, लेकिन सुबह उनका शव घर के पास के कुएं में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने कई सवाल खड़े किए

**-सिर पर चोट का निशान, जो मौत से पहले का था।**

**-पेट में 8 औंस पानी का मिलना, जो जीवित व्यक्ति के गिरने की पुष्टि करता है।**

**-मौत से पहले उन्हें मिली वो धमकी भरी चिट्ठी, जिसका जिक्र उन्होंने नगीना आने से पहले अपनी एक रिश्तेदार से किया था।**

1927 में जन्मे अतीकुर्रहमान ने अल्पायु में ही बड़ी उपलब्धियां हासिल कीं। वे 1958 और 1967 में विधायक रहे, कांग्रेस और चौधरी चरण सिंह के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री के रूप में अपनी प्रशासनिक क्षमता का लोहा मनवाया।

मौलाना अबुलकलाम आजाद की अध्यक्षता में जब कांग्रेस ने 8 अगस्त 1942 को, अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया, तब अतीकुर्रहमान मुस्लिम हाईस्कूल बिजनौर के छात्र थे, पिता (हाफिज इब्राहीम) मामा (मौलाना हिफ्जुर्रहमान)और फूपा( अबदुल लतीफ गांधी) की गिरफ्तारी के बावजूद वो भी आंदोलन में कूद पड़े। वो 13 अगस्त 1942 को बिजनौर हाईस्कूल के छात्रों का नेतृत्व करते हुए निकले, पुलिस ने छात्रों को तितर-बितर करने की भरपूर कोशिश की लेकिन अतीकुर्रहमान अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा बुलंद करते रहे। पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया, छात्रों को अंग्रेज सरकार के विरूद्ध भड़काने पर उन्हें कालेज से भी निकाल दिया गया। आज भी अल्प आयु में देश की खातिर गिरफ्तार होने वालों में अतीकुर्रहमान का नाम प्रमुखता और सम्मान से लिया जाता है।

> **बाबू जगजीवन राम से लेकर हयातुल्ला अंसारी जैसे दिग्गजों ने इसे 'राजनैतिक हत्या' करार दिया और केंद्रीय जांच की मांग की, लेकिन सच्चाई आज भी गहरे पानी के सन्नाटों में दफन है।**

### उस समय के अख़बार मदीना ने ख़बर को प्रमुख्ता से इस प्रकार छापा

13 अगस्त को बिजनौर में छात्रों का जुलूस। सुबह 10 बजे, मुस्लिम हाई स्कूल के छात्रों ने जुलूस निकाला और घंटा घर के पास तितर-बितर हो गए। पूर्व मंत्री हाफिज मोहम्मद इब्राहिम साहब के पुत्र, छात्र अतीकुर रहमान को गिरफ्तार किया गया। बाद में सरकारी हाईस्कूल के सामने पुलिस को पहरा देते हुए देखा गया, लेकिन कोई घटना नहीं हुई। पुलिस द्वारा स्टेशन और डाकघर की भी सुरक्षा की जा रही थी। 14 अगस्त को कोई घटना नहीं हुई। मुस्लिम स्कूल और सरकारी स्कूल दो दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं।

उर्दू शायरी में 'ताबां' तखल्लुस रखने वाले अतीक साहब ने अपनी मजार के लिए शायद खुद ही लिखा था, 'यह किसकी तुरबते मासूम पर फूलों की बारिश है- कोई कह दे अतीक-ए-बेरिया का यह मजार आया'।

हम अक्सर सुनते हैं कि 'शहीदों के मजारों पर लगेंगे हर बरस मेले', लेकिन हकीकत कड़वी है। 55 साल बीत जाने के बाद भी जिस कुएं ने उस महान नायक की आखिरी सांसें देखीं, उसे एक राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा तक नहीं मिल सका। अतीकुर्रहमान का जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं था, बल्कि नगीना के स्वर्णिम युग को लगा वो ग्रहण था, जिससे यह क्षेत्र आज तक पूरी तरह उबर नहीं पाया है।



आज उनकी पुण्यतिथि पर देश उन्हें नमन करता है, पर साथ ही वह न्याय और सम्मान भी मांगता है जिसका हकदार एक 'शहीदे-आज़ादी' होता है।

**परवेज आदिल माही**
मो. 9412568028

## राजा गुलाब सिंह की जयंती पर महाविद्यालय में हवन-यज्ञ का आयोजन

# यज्ञ हमारी सामूहिकता का जीवंत प्रतीक- कुंवर धीरेन्द्र सिंह



**चांदपुर (चिंगारी)।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में स्वर्गीय गुलाब सिंह की जयंती के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज संस्था से जुड़े प्रेम भाटिया ने वैदिक रीति से हवन-यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के यजमान महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह रहे।

हवन-यज्ञ के उपरांत सभी ने स्वर्गीय गुलाब सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। महाविद्यालय की प्रबंध समिति के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यज्ञ मात्र एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिकता का जीवंत प्रतीक है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डा.) साधना ने कहा कि यज्ञ भारत की वह प्राचीनतम और सर्वमान्य वैदिक परंपरा है, जो हमें त्याग और लोक-कल्याण का मार्ग दिखाती है। इस अवसर पर ग्राम बुडगरा से आए अतिथि विमल चौहान, अवनीश कुमार राठी, गुलिस्तान तथा नवनीत कुमार के अतिरिक्त महाविद्यालय के प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, प्रो. महीपाल सिंह, (श्रीमती) अखिलेश, डा. प्रदीप कुमार तालान, डा. विनोद कुमार, डॉ. कुलदीप, डॉ. साजिद अंसारी, डा. ज्ञानेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। हवन-यज्ञ को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव, कुलदीप कुमार, जबर सिंह, सोनू कुमार तथा केशव कुमार का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# महिलाओं को अगर कोई सताये इन नम्बरों पर फोन लगायें



**नूरपुर (चिंगारी)।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत सोमवार को महिला पुलिसकर्मियों आरक्षी ममता व पीआरडी प्रभा ने बुध बाजार में महिलाओं एवं बालिकाओं को एकत्रित कर बाल विवाह मुक्त अभियान, साइबर क्राइम से बचाव एवं महिला सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान आदि योजनाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 एम्बुलेंस सेवा, 108 स्वास्थ्य व आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किये गए तथा नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर उपलब्ध कराए।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुआ रोबोटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन




**बिजनौर (चिंगारी)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में इंटर-हाउस रोबोटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो छात्रों में तकनीकी कौशल और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस रोमांचक प्रतियोगिता में कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता का प्रारंभिक दौर कक्षा 3 से कक्षा 5 के छात्रों के बीच हुआ। इस दौरान छात्रों को 10 टीमों में विभाजित किया गया, जिससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली तीन टीमों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में कक्षा 3 से अचिंत्या पांडे, कक्षा 4 से कनव कपूर और कक्षा 5 सी जारून शेख ने प्रतिभाग लिया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में कक्षा 4 से तान्या राजपूत और एलिश और कक्षा 5 सी से अर्पण गुप्ता ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में कक्षा 4 से आराध्या तोमर और माल्या सिंह और कक्षा 5 दक्ष राणा ने प्रतिभाग लिया। दूसरे दिन, कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रत्येक टीम ने अपने-अपने रोबोटिक मॉडल्स को प्रस्तुत किया, जिनमें नवाचार और तकनीकी सटीकता का अद्भुत समावेश था। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम में कक्षा 6 सी से शरण्या देशवाल, कक्षा 7 बी से एकांश अग्रवाल और कक्षा 8 बी से आरव जैन ने प्रतिभाग लिया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में कक्षा 6 सी से अन्वी गुप्ता, कक्षा 7 ए से ईशान राजपूत और कक्षा 8 बी से सान्वी चौहान ने प्रतिभाग किया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम में कक्षा 6 से मृदुल वर्मा, कक्षा 7 से वेदांत राणा और कक्षा 8 से रोली अग्रवाल ने प्रतिभाग किया।

# शारीरिक संबंध बनाने से मना करने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी, मामला दर्ज

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक महिला ने दूसरे गांव के एक व्यक्ति पर शारीरिक संबंध बनाने को मना करने पर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए अफजलगढ़ पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र की एक महिला ने प्रार्थना -पत्र में बताया कि उसकी शादी को 16 वर्ष हो चुके हैं और पांच बच्चे हैं। महिला का कहना है कि क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी हैदर 5 माह पूर्व उसके घर टाइल्स लगाने आया था, जिसने उसके (महिला के) साथ सहमति से शारीरिक संबंध बनाए और फोटो वीडियो भी बना ली। महिला का आरोप है कि उसके बाद जब उससे शारीरिक संबंध बनाने को मना किया तो उसने अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने और उसके पति को भेज देने की धमकी दी। महिला का यह भी आरोप है कि उसने इस दबाव में उससे 36000 रुपए, 10 किलो घी व 25 किलो क्रीम भी लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी हैदर पुत्र इस्माईल निवासी ग्राम हिदायतपुर थाना अफजलगढ़ के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई




**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा प्राथमिक विद्यालय, रसूलपुर पिरथी (आदमपुर) में आयोजित किए जा रहे सात-दिवसीय विशेष शिविर कौशल विकास के लिए युवा के तृतीय दिवस का आरंभ योगाभ्यास एवं प्रार्थना के साथ हुआ। प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. पल्लवी मिश्रा, नेत्र सर्जन, मां कामाख्या देवी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, बुखारा रोड, बिजनौर रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डा. मेघना अरोड़ा एवं डॉ. बबीता चौधरी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया।

डॉ. पल्लवी मिश्रा ने 20/20/20 के नियम के बारे में जानकारी दी। रेटिना के बचाव के लिए उन्होंने विभिन्न उपाय बताये। इसके उपरांत, बिजनौर जिला अस्पताल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए पीएचसी चंदक से पधारी टीम ने एनएसएस के सभी स्वयंसेविकाओं एवं गांव से आए लोगों की नि:शुल्क जांच की और उन्हें दवाइयां दीं। डॉ. श्वेता कपूर, डा. निधि, डॉ. रोबिन, लुबना सिडनी एवं मिथलेश ने महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। डॉ. रोबिन ने हड्डियों से संबंधी जानकारी प्रदान की। शिविर के दूसरे सत्र में एक फिजियोथेरेपी की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी मुख्य अतिथि के रूप डॉ. साक्षी गोयल, जीवन उत्सव फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, बिजनौर रहीं। मंच का संचालन अनन्या रस्तोगी एवं श्रुति शर्मा ने किया।

# खेत से मिट्टी उठाने को लेकर सर्राफ और डॉ. एन.पी. सिंह में मारपीट

## बंद रहा सर्राफा कारोबार, दोनों तरफ से दर्ज हुई एफआईआर


प्रातः 11 बजे तक बंद रहा सर्राफा कारोबार।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग पर ग्राम पंचायत पीपलसाना में स्थित श्री राम ग्रुप आफ कॉलेज और हॉस्पिटल को जाने वाली 550 मी. लंबी सड़क किसानों की सहमति से लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही थी। इसी बीच ठेकेदार द्वारा सड़क की साइड बनाने के लिए बराबर में स्थित खेत से मिट्टी उठाकर जब उसे लेवल में किया जा रहा था तभी खेत स्वामी नगर के मोहल्ला खातियान निवासी विनीत बंसल सर्राफ ने इसका विरोध शुरू कर दिया।

ठेकेदार पीतांबर सिंह ने जब इसकी जानकारी श्री राम ग्रुप आफ कॉलेज के चैयरमैन डॉक्टर एन पी सिंह को दी तो वह मौके पर पहुंच गये। डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि उन्होंने जब विनीत बंसल को समझाने का प्रयास किया तो उसने गाली गलौज करते हुए गंदा पानी गिलास से उनके ऊपर डाल दिया और ड्राइवर दीपराज सिंह और गनर ने जब इसका विरोध किया तो वह गाली गलौज पर उतर आये। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से गाली-गलौज और मारपीट होने लगी।

उधर विनीत बंसल सर्राफ का कहना है कि उन्होंने अपने खेत से मिट्टी उठाने के लिए ठेकेदार को मना किया, तो उनके साथ मारपीट की गई और मारपीट में उनके सिर व सीने पर गंभीर चोट आई है। इसके बावजूद डॉ. एनपी सिंह अपनी गाड़ी में उनको डालकर थाने ले आए। घटना की सूचना पाकर विनीत बंसल के बड़े भाई विभु बंसल सर्राफ अपने अन्य साथियों के साथ थाने पहुंचे। इस घटना से सर्राफा कारोबारी में रोष व्याप्त हो गया और उन्होंने अपना कारोबार बंद कर दिया और कोतवाली पहुंच गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर मानस चौहान ने बताया कि विनीत बंसल के सिर्फ सिर और सीने पर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के बाद उनको सिर के एक्स-रे के लिए बिजनौर के लिए रैफर किया गया है। घटना की तहरीर पुलिस को विनीत बंसल सर्राफ की ओर से दी गई जिस पर पुलिस ने लगभग आधा दर्जन धाराओं में डॉ. एनपी सिंह व अन्य के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर, एनपी सिंह के ड्राइवर ग्राम पुराना धामपुर निवासी दीपराज सिंह ने भी पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि विनीत बंसल ने उन पर हमला किया, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना के विरोध में आज सुबह 11 बजे तक सर्राफा बाजार बंद रहा।

घटना के संबंध में ठेकेदार पीतांबर सिंह ने बताया कि ग्राम पीपलसाना में मेन रोड से श्री राम ग्रुप आफ कॉलेज तक 550 मीटर लंबी और 3.75 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है जिस पर पत्थर की कुटाई हो गई है। अब सड़क की साइड बनाने के लिए दोनों साइडों से मिट्टी डालकर उसे इकसार किया जा रहा था, तभी यह विवाद हो गया। डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि यह सड़क सभी के हित के लिए बनवाई जा रही है, जिससे खेत स्वामियों को भी फायदा है।

## युवती अपने प्रेमी-पति के साथ थाने से गई ससुराल

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला बाड़वान निवासी एक नगर पालिका सभासद का पुत्र अपनी प्रेमिका को लेकर घर से फरार हो गया और दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। उधर, घटना की रिपोर्ट युवती के परिजनों ने पुलिस में दर्ज करा दी, जिस पर पुलिस ने कल दोनों को बरामद कर लिया। इसके बाद युवती के परिजनों ने पुलिस से युवती को उनकी कस्टडी में देने के लिए प्रार्थना की जिस पर प्रेमी-प्रेमिका दोनों ने पुलिस को कोर्ट मैरिज के कागज दिखा दिये और कहा कि वह पति-पत्नी हैं। इसके बाद युवती ने अपने पति के साथ रहने की रजाबंदी जाहिर कर दी। जिस पर युवती के परिजनों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। पुलिस ने पति-पत्नी दोनों को अपनी कस्टडी में रखकर रात 10 बजे लिखा पढी करके उन्हें कोतवाली से भेज दिया। युवक के माता-पिता लाल साड़ी में युवती को थाने से अपने घर हंसी-खुशी से ले गये।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रेलवे ट्रैक पर चंदौसी पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक घायल हो गया। युवक को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। युवक सीतापुर (यूपी) निवासी है तथा पेंटर का काम करता है। युवक का हादसे में एक पैर कट गया है। पुलिस के अनुसार घटना कल दोपहर की है। सोमेश्वर नगर में चामुंडा मंदिर के पास 30 वर्षीय राजकुमार और उसका साथी राकेश, जो सीतापुर (यूपी) के निवासी हैं। ठेकेदार से अपना पेमेंट लेने के लिए आए थे। राजकुमार रेलवे ट्रैक पर बैठा था, जबकि राकेश ट्रैक से दूर बैठा था। इसी बीच चंदौसी पैसेंजर ट्रेन आने पर राजकुमार ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना पर जीआरपी पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। राजकुमार को जख्मी हालत में एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया। राकेश ऋषिकेश के गुर्जर प्लांट में किराए के मकान में रहता है। दोनों को अपने घर सीतापुर जाना था। पेमेंट के लिए वह रेलवे ट्रैक पर ठेकेदार से काम का भुगतान लेने के लिए इंतजार कर रहे थे। ऋषिकेश थाना प्रभारी कैलाश भट्ट ने बताया कि राजकुमार के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## एमडीडीए ने बिना अनुमति निर्माण किये जा रहे चार भवनों को कर दिया सील

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विस्थापित पशुलोक क्षेत्र में निर्मल ब्लॉक-बी और हरिद्वार रोड पर चार भवनों को मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने सील कर दिया है। इनमें दो भवन बिना प्राधिकरण की अनुमति के बन रहे थे। जब कि, दो बहुमंजिला इमारतों का बिना नक्शा पास कराये निर्माण किया जा रहा था। अचानक हुई इस कार्रवाई से न सिर्फ विस्थापित, बल्कि आसपास क्षेत्र में भी हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। एसडीएम योगेश मेहरा के अनुसार एमडीडीए की ओर से क्षेत्र में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण में तय मानकों की जांच के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ये निर्माण अनाधिकृत रूप से होते हुए मिले थे। उन्होंने बताया कि निर्मल ब्लॉक-बी में सुमित मल्होत्रा और जय सिंह चौहान बिना नक्शा पास कराये भवन निर्माण करा रहे थे।

इसी तरह का मामला आलोक, संजय गोयल की बहुमंजिला इमारत से जुड़ा सामने आया, जिस पर प्राधिकरण की टीम ने सीलिंग की कार्रवाई की। इसी महीने प्राधिकरण की टीम निर्मल ब्लॉक में ही बिना नक्शा पास कराए एक बिल्डिंग को सील कर चुकी है। रायवाला और खेरी कलां में अनाधिकृत रूप से की जा रही प्लॉटिंग को भी ध्वस्त किया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि शहर में बिना अनुमति और नक्शा पास किए यदि निर्माण कार्य किया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एजुकोल गर्ल्स स्कूल में हुई 12वीं की छात्राओं की विदाई


छात्राओं को ताज पहनाते हुए प्रधानाचार्य प्रीति अग्रवाल।

### रिशा नूर मिस फेयरवेल, हंसिका मिस एलीगेंस बनी

**धामपुर ( चिंगारी )।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा 12वीं की छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। समारोह में कक्षा 11वीं की छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य और खेल, बॉलीवुड डांस, गायन, दूसरा दौर, हॉरर डांस, रैम्प वॉक का आयोजन किया गया। रैम्प वॉक के दौरान पूछे गए प्रश्नों के आधार पर विभिन्न उपाधियों के लिए छात्राओं का चयन जज अध्यापिका पारुल चौहान, लीना चौहान, आराधना कौशिक, साक्षी चौहान व मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान रिशा नूर मिस फेयरवेल और हंसिका भारद्वाज को मिस एलिगेंस के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि वह अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुसार पढ़ाई करें। प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने सभी चयनित छात्राओं को सैशे व क्राउन पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ग्यारहवीं की छात्रा अदीबा सलीम, कृतिका राज, फरहीन बानो, अमरजीत कौर, भूमि सैनी, ख्याति चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

## भाकियू-अ ने शुगर मिल के उपाध्यक्ष को किसानों की समस्याएं संबंधी ज्ञापन दिया


धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष को ज्ञापन देते हुए किसान।

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ब्लॉक धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा और ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत के नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता से मिला और किसानो की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में अच्छी किस्म का गन्ना बीज उपलब्ध कराने और छूट पर दिये जाने वाले कृषि यंत्रों की संख्या में बढ़ोतरी किये जाने,हैरो कल्टीवेटर स्प्रे मशीन, गेहूं के साथ-साथ गन्ना बोने वाली मशीन स्प्रे मशीन आदि यंत्रों की उपलब्धता को बढ़ाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों मे ब्लाक महासचिव अरविंद राजपूत, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रधान, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, संजय कुमार न्याय पंचायत अध्यक्ष, भानु प्रताप राणा, वीरेंद्र सिंह, वकील साहब, शमशेर बहादुर, गजेंद्र सिंह, अजय पाल सिंह, प्रतीक कुमार, ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान आदि किसान शामिल रहे।

# हाईकोर्ट की बैंच और सचिवालय की स्थापना से ही संभव है पश्चिमी उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास

-राजेन्द्र कुमार एड.
पूर्व अध्यक्ष
जिला बार एसोसिएशन, बिजनौर



बुद्धि और कौशल से किया जा रहा है हाईकोर्ट बैंच की स्थापना के आंदोलन को जनआंदोलन बनाये जाने का काम। जिसका बीड़ा जनपद बिजनौर के कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं व बार संघ के पूर्व नेताओं ने जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों और बुद्धिजीवी लोगों के मार्ग दर्शन में उठा रखा है, जिसका परिणाम सामने आने लगा है और पश्चिम में हाईकोर्ट बैंच व सचिवालय की स्थापना के नारे गांव-गांव गूंजने लगे हैं। राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सोमदेव सिंह के निवास ग्राम बगीची में एक चौपाल लगाकर संगठन और आंदोलन के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई, जिसमें कई गणमान्य लोगों ने विचार रखते हुए कहा कि यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है और हमारा मौलिक अधिकार है। इससे हमारे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नौजवानों को रोजगार मिलेगा और बड़े-बड़े व्यवसाय लगने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही साथ, न्यायिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में भी सुधार होगा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष संजीव मलिक ने तन मन धन से इस आंदोलन में पूर्ण सहयोग देते हुए इसे जनपद की प्रतिष्ठा का प्रश्न बताया और अन्य किसान व व्यापारी व कर्मचारी संगठनों से भी संपर्क साधकर उनसे सहयोग की मांग की। दोनों प्रधान संघों के अध्यक्षों ने संगठन में शामिल होकर इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह पश्चिम उत्तर प्रदेश का आंदोलन किसी राजनीति के लिये नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता की भलाई के लिये नि:स्वार्थ लोगों का योगदान है। इसलिये बिजनौर जनपद के प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है कि वह नि:संकोच इस लड़ाई में बढ़-चढ़कर भाग लें। हाईकोर्ट बैंच व सचिवालय की स्थापना के बगैर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास की परिकल्पना नहीं हो सकती है।

# धूमधाम से मनाया गया अलीपुर द्वारका विद्यालय का वार्षिकोत्सव



**बिजनौर (चिंगारी)।** प्राथमिक विद्यालय मौहल्ला अलीपुर द्वारका में वार्षिकोत्सव और खेलकूद प्रतियोगिता हर्षोल्लास से मनाई गयी। प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा एवं ग्राम प्रधान पतराम ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक और खेल प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। निधि खुराना सहायक अध्यापिका के निर्देशन में पलक, रिदा, इकरा, फलकनूर, आरजू, मनीषा, जैनब, सदफ, यश ने रंगारंग कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सहायक अध्यापक द्वारा बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें अक्षय, उजैफ, पवनवीर, उदयवर्धन प्रियांशु, उवेश, यशवी, हर्षिता आदि ने भाग लिया। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कुसुम आंगनबाड़ी सहायिका, लाल सिंह, विपिन कुमार, धर्मवती आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी, पूरी कर लीं व्यवस्थाएं सारी

**चांदपुर (चिंगारी)।** हिंदू इंटर कॉलेज में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की कल 18 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं के कुशल संचालन हेतु समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस केंद्र पर हाईस्कूल के 396 तथा इंटर के 338 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें कस्तूरबा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल जलीलपुर की 29 छात्राएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित कराने हेतु अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक रितुबाला रस्तोगी तथा संदीप कुमार को केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## समय का ध्यान रखें परीक्षार्थी

**विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 तक तथा द्वितीय पाली 2:00 बजे से शुरू होगी, जो 5:15 बजे पर समाप्त होगी। उन्होंने छात्रों एवं अभिभावकों का आह्वान किया कि परीक्षार्थी समय से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें तथा टेंशन रहित होकर परीक्षा दें।**

परीक्षा को नकलविहीन बनाने हेतु सचल दल की नियुक्ति की गई है, जिसके सदस्य परीक्षार्थियों की गेट पर तलाशी लेंगे। परीक्षा कक्ष में कैलकुलेटर, मोबाइल तथा अन्य डिवाइस ले जाना पूर्णतया वर्जित है। परीक्षा प्रभारी हंसराज ने बताया कि इस केंद्र पर जनता इंटर कॉलेज आजमपुर, कृषक इंटर कॉलेज धुंधली, श्री गांधी इंटर कॉलेज बास्टा, श्री कृष्ण इंटर कॉलेज जलीलपुर, इंडियन पब्लिक स्कूल फीना के छात्र हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं प्रतिदिन 13 कमरों में चलेंगी तथा परीक्षाओं के कुशल संचालन हेतु 34 शिक्षक ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

# पत्रकारों से रू-ब-रू हुए नये थानाध्यक्ष

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नवागत थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी रविवार की शाम पत्रकारों से पहली बार रूबरू हुए और कहा कि मेरे रहते हर खास-ओ-आम का सम्मान होगा, मगर अपराधियों की खैर नहीं है। पत्रकारों के साथ इस पहली बैठक में उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं और कहा कि क्षेत्र की कानून एवं शांति व्यवस्था को विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच मामूली विवाद के आपसी समझौते के हम पक्षधर हैं और इसमें हम सहयोग भी करेंगे, लेकिन कानून एवं शांति व्यवस्था से कतई समझौता नहीं होगा। उन्होंने क्षेत्र में किसी भी घटना, दुर्घटना अथवा शांति भंग होने की आशंका जैसे मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को देने व आपस में मिल-जुलकर रहते हुए एक-दूसरे का जायज सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों सहित एसएसआई श्रीपाल सिंह भी उपस्थित रहे।



# सलीम मंसूरी को सम्मानित किया

**नूरपुर (चिंगारी)।** धामपुर रोड स्थित न्यू हैवन इन्टर कॉलिज में मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षाएं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए एडीओ नूरपुर सलीम मंसूरी को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से प्रबंधक नफीस अहमद ने प्रशस्ति-पत्र व पदक देकर सम्मानित किया। बता दें कि न्यू हैवन इन्टर कॉलिज में मदरसा शिक्षा परिषद का परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जिसमें परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक अशोक कुमार, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक शमशाद अहमद व परीक्षा प्रभारी एडीओ सलीम मंसूरी को नियुक्त किया गया था। उक्त परीक्षा केन्द्र पर 15 मदरसों के छात्र-छात्राओं ने मुंशी, मौलवी व आलिम की परीक्षा दी। परीक्षा सम्पन्न होने के उपरान्त विद्यालय में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जाकिर हुसैन, शमशेर हुसैन, कमलजीत, तसलीम अहमद, बरम सिंह व कश्मीरी सिंह आदि उपस्थित रहे।



# महेन्द्र हत्याकाण्ड में कोर्ट ने मनोज को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रकाश चंद्र शुक्ला ने अवैध संबंधों के कारण हुई महेन्द्र की हत्या में अभियुक्त मनोज को आजीवन कारावास एवं एक लाख दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान के अनुसार 6 अप्रैल 2024 को थाने में कोमल पुत्र शिवचरण सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि धामपुर थानांतर्गत ग्राम तीबड़ी निवासी शिवचरण सिंह का 45 वर्षीय पुत्र महेन्द्र घर से 29 जनवरी 2024 को धामपुर जाने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं आया। 30 जनवरी को शिवचरण सिंह ने धामपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महेन्द्र का मोबाइल बंद आ रहा था। कोमल ने अपनी भाभी कमलेश देवी पत्नी महेन्द्र पर आरोप लगाया कि उसके अवैध सम्बन्ध गांव के मनोज पुत्र राजपाल सिंह से थे। मनोज के साथ एक अन्य व्यक्ति विकास मुरादनगर गाजियाबाद से आता था। महेंद्र उसका भी विरोध करता था। कोमल ने रिपोर्ट में भाभी कमलेश पर महेन्द्र की हत्या कर उसकी लाश छिपाने का आरोप लगाया। मनोज की निशानदेही पर महेन्द्र की लाश धामपुर में महाराणा प्रताप फार्मेसी कॉलेज के जीने के पास लैट्रिन के गड्ढे से बरामद हुई। कालेज की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में मनोज के साथ कॉलेज का चौकीदार घासीराम भी शामिल था। अपराध सिद्ध होने पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रकाशचंद्र शुक्ला ने अभियुक्त मनोज को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा तथा धारा 201 के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा होने पर उसमें से एक लाख रुपए मृतक महेन्द्र के माता-पिता को दिलाए जाने के भी आदेश दिये हैं, जबकि सबूतों के अभाव में कमलेश देवी और घासीराम को बरी कर दिया।



# युवती को जबरन ले जाकर ज़हर देने का आरोप

## हालत गंभीर

किरतपुर ( चिंगारी )। 25 वर्षीय एक युवती की ज़हरीले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई। उसे गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बसी किरतपुर निवासी पीड़िता की मां का आरोप है कि सोमवार की रात्रि करीब 8 बजे बुद्धूपाड़ा निवासी सुहैल पुत्र लईक उनकी बेटी को घर से जबरन अपने साथ ले गया। उनका कहना है कि उसी ने युवती को ज़हर दिया है, जिसके पदार्थ से उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिवार के अनुसार, युवती और सुहैल के बीच पिछले लगभग तीन वर्षों से प्रेम संबंध थे। बताया जा रहा है कि हाल ही में युवक का रिश्ता कहीं और तय हो गया था, जिससे युवती मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। आरोप है कि युवक का रिश्ता बिजनौर में कहीं तय हुआ था। घटना के बाद परिजन युवती को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। दोनों परिवार एक ही बिरादरी से संबंध रखते हैं। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे प्रकरण की सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी।

# रमज़ान और ईद पर व्यवस्था दुरुस्त रहे

## डीएम व एसपी से मिले शहर क़ाज़ी

बिजनौर (चिंगारी)। शहर काजी मो. माजिद अली ने रमजान व ईदुल-फितर को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। शहर काजी ने बताया कि 19 फरवरी से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। आगामी 21 मार्च को ईदुल-फितर मनाई जायेगी। इस सम्बंध में शहर काजी ने दोनों अधिकारियों से रोजेदारों की सुविधा के लिये कुछ आवश्यक व्यवस्थाएं करने की गुजारिश की है। उन्होंने कहा कि मस्जिदों के आसपास जो सड़के टूटी हुई हैं, उन्हें ठीक कराया जाये। मुस्लिम मोहल्लों एवं मस्जिदों के आसपास सफाई और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाये। सुबह सहरी के वक्त प्रात: 4 बजे से 7 बजे तक और शाम को 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक निर्बाध रूप से बिजली व पानी की आपूर्ति की व्यवस्था की जाये। मोहल्ला काजीपाड़ा से जियारत रोड होते हुए ईदगाह को जाने वाली सड़क की हालत बहुत खराब है। इसी के साथ ईदगाह से बैराज रोड और ईदगाह से आवास विकास कॉलोनी को जाने वाली रोड की हालत भी खस्ता है। इन सड़कों की मरम्मत तुरंत की जाये। शहर काजी ने कहा कि रमजान व ईद के अवसर पर बाजारों में बहुत भीड़ रहती है। इस दौरान डाकखाने के चौराहे से पुरानी तहसील चौराहे तक तथा राम के चौराहे से बुल्ला के चौराहे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। अत: वहां यातायात व शांति व्यवस्था सुचारू रखने के लिये प्रबंध किये जायें। इसी के साथ असामाजिक तत्वों खासकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाये, ताकि आगामी सभी त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ सम्पन्न हो सकें।

## विधानसभा के घेराव के लिए लखनऊ गये हुमायूं बेग अन्य नेताओं के साथ गिरफ्तार



बिजनौर (चिंगारी)। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत विधान सभा का घेराव करने निकले कांग्रेसियों को पुलिस ने विधान सभा पहुँचने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कांग्रेसियो में बिजनौर के नागराध्यक्ष हुमायूं बेग भी शामिल हैँ। हुमायूं बेग ने लखनऊ से चिंगारी को बताया कि वे पुलिस से बचते बचाते लखनऊ पहुंच गये थे। जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सहित बिजनौर के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ पहुंच गये थे। हुमायूं बेग आज सुबह प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडेय, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर व राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल आदि के साथ विधान सभा घेराव के लिए निकले थे। पुलिस ने उन्हे रोकने के लिए रास्तों को बैरिकेड कर रखा था। लखनऊ में अम्बेडकर पार्क के पास कांग्रेसियो के उक्त जत्थे को रोक लिया। कांग्रेसियों ने ज़बरदस्त विरोध किया लेकिन पुलिस ने उन्हे हिरासत में ले लिया।

# शुरू हो रहा मुकद्दस रमजान, सज गईं फैनी, पापों की दुकान



नजीबाबाद (चिंगारी)। मुकद्दस रमजान का महीना शुरू होने को देखते हुए बाजारों में रमजान की सेहरी में इस्तेमाल होने वाले पापों, फैनी व खजले की दुकानें सज कर तैयार हो गई है। 19 फरवरी से रमजान का महीना शुरू होने तथा रमजान की पहली तराबीह व सेहरी कल 18 फरवरी को देखते हुए बाजारों में व्यापारियां ने मंगलवार से सेहरी में इस्तेमाल होने वाले बिस्कुट, पापे, फैनी, खजले की दुकानें लगा ली हैं। रमजान का महीना शुरू होने को देखते हुए बाजारों में रमजान की खरीदारी को लोगों की काफी भीड़ रही। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों ने बाजार पहुंचकर रमजान के सामान खासकर सेहरी में इस्तेमाल होने वाले पापे, फैनी, खजला, खारी आदि की खरीदारी की। जिससे बाजारों में काफी रौनक देखने को मिली। किराना की दुकानों पर रमजान की इफ्तार में इस्तेमाल होने वाले रंग-बिरंगी विभिन्न प्रकार के चिप्स की दुकानें भी सज गई है।

# दरगाह पहुंचने पर शिया धर्मगुरू मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद का स्वागत



नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में सोमवार को शाम शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जव्वाद नकवी का जिला बिजनौर सहित बाहर से आए मोमिनीन ने गर्मजोशी व अकीदत के साथ भव्य स्वागत किया। अकबर गेट से लेकर हजरत अली (अलैहिस्सलाम) के रोजे तक 'नाराए हैदरी' से पूरा इलाका गूंज उठा। मोमिनीन ने मौलाना कल्बे जव्वाद को ईरान में मिले इमाम खुमैनी अवॉर्ड की मुबारकबाद पेश की। वहीं मौलाना शबाब हैदर नकवी को दरगाह का प्रशासक नियुक्त किए जाने पर मुबारकबाद पेश की। दोनों उलेमा ने सैकड़ों अकीदतमंदों के साथ जरी ए मुबारक की जियारत की। जियारत के बाद एक महफिल-ए-मसर्रत का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत कलामे पाक की तिलावत से हुई। कारी जुल्फकार अली मेमन सादात ने निजामत की। जबकि शहंशाह बिजनौरी ने नाते पाक पेश कर महफिल को रूहानी बना दिया। नवनियुक्त प्रशासक मौलाना सैयद शबाब नकवी ने अपने नूरानी बयान में दरगाह की बेहतरी व विकास के लिए सभी से सहयोग की अपील की तथा चेयरमैन अली जैदी व मौलाना कल्बे जवाद का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि जो दरगाह की खिदमत व तरक्की में योगदान देगा, वही कदम से कदम मिलाकर चलेगा। उन्होंने देश व दुनिया खासकर अपने वतन भारत में अमन-ओ-अमान कायम रहने की दुआ कराई। कार्यक्रम के अंत में दोनों उलेमा का फूल-माला पहनाकर, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

# सरकारी नौकरी में चयनित छात्रों को किया सम्मानित



नौकरी के लिए चयनित किये गये सम्मानित विद्यार्थी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नाइस कोचिंग सेंटर में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी चयनित छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। नजीबाबाद का यह कोचिंग सेंटर यहां लगभग तेरह वर्षों से लगातार सरकारी नौकरी के क्षेत्र में बच्चों को सफलता प्रदान करता रहा है। पूरनपुर गढ़ी निवासी यश बीएसएफ, गाजीपुर निवासी सुधांशु बीएसएफ, रानीपुर निवासी नितिन बीएसएफ, कमालपुर निवासी अक्षित सीआरपीएफ एवं सीतावाली निवासी अमन का सीआरपीएफ में चयन होने पर परिवार वालों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहू छजमलदास विद्या मंदिर स्कूल के प्रधानाचार्य केशव शर्मा रहे। उन्होंने चयनित छात्रों को मुबारकबाद देते हुए वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना कर अपना आशीर्वाद दिया।




# नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैली



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के रेलवे फाटक के समीप नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भिजवाया और जांच में जुट गई। सोमवार को नगर के भारत टॉकीज स्थित रेलवे ट्रैक पर पुलिस को एक नवजात शिशु का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जाब्तागंज चौकी दरोगा सोनू कुमार,कांस्टेबल वीरेंद्र गुर्जर, कांस्टेबल सिद्धार्थ मौके पर पहुंचे। नवजात शिशु लड़का था। पुलिस का अनुमान है कि दो दिन पूर्व बच्चे को फेंका गया होगा। शव गली-सड़ी अवस्था में मिला है। शव पर कीड़े मकोड़े व मक्खियां रेंग रही थीं।

# इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में फ्री हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन



स्वास्थ्य सुविधा का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथिगण।

नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में फ्री हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का आंकलन कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना करना है, जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपनी शिक्षा को अच्छे आयाम पर पहुंचा सकें। साथ ही विद्यार्थियों के माता एवं पिता भी विद्यालय में नि:शुल्क हैल्थ चैकअप करवा सके। इस सुविधा को समय-समय पर विद्यालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन के आधार पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जाता रहेगा, जिससे वह इस नि:शुल्क सुविधा का लाभ एक स्थान पर ले सकें और अपना व अपने बच्चों को शारीरिक मूल्यांकन का सही एवं स्वास्थ्य निर्णय ले सकें। इस नि:शुल्क हैल्थ चैकअप की विद्यालय प्रबंधन ने सराहना कर भविष्य में इसे जारी रखने की सलाह दी। साथ ही नजीबाबाद के लाइफ लाइन हॉस्पिटल से आये डॉक्टरों की टीम का विद्यालय प्रबंधन ने आभार व्यक्त किया। यह कार्य समय-समय पर विद्यालय द्वारा करते रहने की बात कही गई।

# शिव की महिमा का गुणगान किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। रमेश नगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पंडित सुनील शर्मा द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ श्रद्धा पूर्वक रुद्राभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा कर शिव की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि शिव का नाम कल्याणकारी है, सभी प्राणियों के दुख दूर करते हैं, शिव ही सत्य है सत्य ही शिव है। शिव चालीसा का पाठ व भजन कीर्तन किया गया। आरती से समापन कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मोना, सुमन वर्मा, आस्था, भावना, शकुंतला वैश्य, नीमा शर्मा, सुजाता, विभा माहेश्वरी, अलका अग्रवाल, संगीता आदि मौजूद रही।

# बाइक पर आये झपट्टा मार मोबाइल फोन छीनकर फरार

**नहटौर ( चिंगारी )।** रविवार देर शाम नूरपुर रोड पर बाइक सवार युवक से अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम समसपुर निवासी परमवीर पुत्र करण सिंह ने थाना नहटौर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे ग्राम मंडोरा से काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। जब वह ग्राम चक गोवर्धन स्थित अनवार के भट्टे के पास पहुंचा, तभी नहटौर की ओर से आ रही एक बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने उसके हाथ पर झपट्टा मारा। अचानक हुए हमले से वह संभल भी नहीं पाया और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया गया। पीड़ित के अनुसार घटना के बाद आरोपी युवक नूरपुर की दिशा में तेजी से फरार हो गए। घटना से वह घबरा गया और बाद में थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी। वारदात के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आसपास के मार्गों और संभावित स्थानों की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

# चोरी किये गये सामान के साथ दो अभियुक्त थमे



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस ने चोरी किये गये सामान के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सुंदर सिंह नेहरा निवासी जोधपुर थाना पलवल (हरियाणा) द्वारा थाने पर दी गई तहरीर में कहा गया था कि अभियुक्त अश्वनी पुत्र फकीरचंद व हेमराज पुत्र सीताराम निवासी ग्राम गूढ़ा, थाना मंडावली ने उसकी जेसीबी से सामान एक अदद बैटरा, चार चाबी व तीन पाने चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी के सामान के साथ उनका चालान कर दिया।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, बिजनौर।

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना संख्याः 04/ई0ई0/2025-26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो की ऑनलाईन निविदाएं प्री-क्वालीफिकेशन/तकनीकी एवं फाईनेंशियल बिड ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वर्गीकृत/श्रेणीकृत/पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। जिसकी टैक्निकल/प्री-बिड दिनांक 25.02.2026 को अपराह्न 02:00 बजे एवं प्री-बिड मे सफल फर्म/ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड चैक होने के उपरान्त मुख्य अभियन्ता (पूर्वी गंगा) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मुरादाबाद द्वारा गठित समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में ऑन-लाईन खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनांक 19.02.2026 के पूर्वान्हन 10:00 बजे से दिनांक 25.02.2026 के पूर्वाह्न 11:00 तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकेगें। सभी अभिलेख एवं शर्ते वैब साईट (http://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध रहेंगी। कार्यालय बन्द/अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

ऑन लाईन निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण-पत्र (IDT-2), स्व घोषणा-पत्र (IDT-3) श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं GST प्रमाण-पत्र की स्कैन्ड प्रतियां, धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क प्रमुख अभियन्ता के ज्ञाप-825/प्र0अभि0/मु0अ0 (सू0प्र0सं0)/क0के0/ई-टेण्डरिंग/दिनांक 27.12.2019 में किये गये प्राविधानानुसार U.P. e-tender Online Account के माध्यम से जमा किये जायेगें, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा एवं कार्य सम्बन्धी अनुभव प्रमाण-पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निम्नलिखित निविदायें धनावंटन की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं। कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 मे) (जी0एस0 टी0रहित) | धरोहर राशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (जी0एस0 टी0 सहित) | ठेकेदार की पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Silt Clearance of Banda Drain from km. 0.000 to km. 7.000 for the year 2025-26. | 2.98 | 5960 | 15 दिवस | 177.00 | "सी" एवं उच्चतर |
| 2. | Silt Clearance of Dharmnagri Drain from km. 0.000 to km. 1.800 for the year 2025-26. | 1.91 | 3820 | 15 दिवस | 89.00 | "सी" एवं उच्चतर |
| 3. | Silt Clearance of Devnagri Drain from km. 0.000 to km. 10.200 for the year 2025-26. | 10.87 | 21740 | 21 दिवस | 266.00 | "सी" एवं उच्चतर |
| 4. | Clearance of Sludge and waste material of Paijaniya Kala Drain from km. 0.000 to 25.000 in Distt. Bijnor for the year 2025-26. | 13.27 | 26540 | 21 दिवस | 266.00 | "सी" एवं उच्चतर |
| 5. | Silt Clearance of Hemraj Drain from km. 0.000 to km. 9.000 in Distt. Bijnor for the year 2025-26. | 19.11 | 38220 | 21 दिवस | 354.00 | "सी" एवं उच्चतर |
| 6. | Silt Clearance of Kali Khaliya Drain from km. 0.000 to km. 9.000 in Distt. Bijnor for the year 2025-26. | 3.39 | 4240 | 15 दिवस | 177.00 | "सी" एवं उच्चतर |
| 7. | Silt Clearance of Khaliya Drain from km. 0.000 to km. 5.000 in Distt. Bijnor for the year 2025-26. | 2.12 | 4240 | 15 दिवस | 177.00 | "सी" एवं उच्चतर |

उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी अभिलेख एवं शर्ते उ0प्र0 सरकार की वेबसाईट (http://www.information.up.gov.in) एवं सिंचाई विभाग की वेबसाईट (http://www.idup.upgovt.in) पर उपलब्ध हैं। यह निविदा (http://www.etender.up.nic.in) की वेबसाईट पर डाउनलोड/अपलोड की जायेंगी।

R.O.No. 246262 Date: 16-02-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(मुकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4
बिजनौर


# बारात में फायरिंग से सनसनी

## डीजे बजा रहे किशोर की कनपटी पर तमंचा रखा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र के एक बैंकेट हॉल में कल शाम बारातियों ने फायरिंग कर सनसनी फैला दी। डीजे बजा रहे किशोर की कनपटी पर भी तमंचा रख दिया तथा बाद में भागते हुए कार से एक बाइक में टक्कर मार दी। भाग रहे एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम डेरी महेश्वरी निवासी विपिन कुमार के पुत्र की बारात सोमवार को नांगल थाना क्षेत्र में बरकातपुर मिल चौराहे के समीप स्थित व्हाइट पैलेस (बैंकेट हॉल) में आई थी। बारात में शामिल कुछ युवकों ने अपराह्न लगभग चार बजे बैंकेट हॉल के अंदर डीजे के समीप तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली खिड़की को पार करती हुई रसोई की दीवार में जाकर लगी। वहां मौजूद लोगों ने उनसे फायरिंग करने को मना किया , तो उन्होंने और फायरिंग कर दी। इससे वहां सनसनी फैल गई तथा औरतें-बच्चे डर गये। उन युवकों ने बंद हुए डीजे को फिर से बजवाने के लिये डीजे बजा रहे देवा निवासी मिल चौराहा की कनपटी पर भी तमंचा रख दिया।

बाद में घरातियों ने इकट्ठे होकर उनका विरोध किया, तो वे



बैंकेट हॉल की दीवार में लगा गोली का निशान

वहां से अपनी मोटरसाइकिलें और कार उठाकर भाग खड़े हुए। रास्ते में ग्राम महमसापुर स्थित बैंकेट हॉल के सामने उन्हीं युवकों ने अपनी कार से एक बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार अनिकेत तथा गौरव निवासीगण तिसोतरा मामूली रूप से घायल हो गये। इस घटना के बाद कार सवार युवक भी अपने साथियों की मोटरसाइकिलों पर बैठकर भाग गये। एक बाराती वहीं रह गया, जो खेतों की ओर भागने लगा। मौके पर काफी भीड़ भी इकट्ठी हो गयी। अनिकेत का कहना है कि उसने खेतों की ओर भाग रहे आरोपी को पकड़ा, तो उसने उसके ऊपर भी फायर झोंक दिये, जिनसे वह बाल-बाल बचा।

सूचना पर मौके पर पहुंची डायल-112 पुलिस ग्रामीणों द्वारा पकड़े गये आरोपी को थाने ले गई। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर भी पुलिस बल के साथ बैंकेट हॉल में पहुंचे तथा पूरी जानकारी प्राप्त की। लोगों ने पुलिस को दीवार में लगा गोली का निशान दिखाया। डीजे बजाने वाले किशोर ने भी उसकी कनपटी पर तमंचा रखे जाने की बात बताई। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार को अपने कब्जे में ले लिया। दुल्हन के तयेरे जीजा कौशल कुमार निवासी तिसोतरा की तहरीर पर पुलिस ने अजीत व शगुन पुत्रगण भूपेन्द्र निवासीगण रसूलपुर आबाद थाना हल्दौर तथा अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं 109 तथा 351 ( 3 ) के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि शगुन को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## तमंचे से किया फायर, केस हुआ दायर

**शेरकोट ( चिंगारी )। किसी बात को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तमंचे से फायर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम हादकपुर निवासी रजत त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार की रात जब वह काम करके अपने घर लौटा तो गांव के ही रहने वाले करतार,यश और शूरबीर ने गोबर का खाद उठाने को लेकर उसे गालियां देनी शुरू कर दीं। आरोप है कि रजत ने जब गालियां देने का विरोध किया तो आरोपियों ने हवाई फायर कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। दोनों पक्षों के बीच हुए इस झगड़े से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थित को नियन्त्रण में कर लिया। पुलिस ने रजत की तहरीर पर आरोपी करतार,यश और शूरबीर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।**

# आ गई परीक्षा की घड़ी

## सुरक्षा व्यवस्था रहेगी कड़ी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शिक्षण सत्र 2025-26 में यूपी बोर्ड के अपने-अपने कॉलेजों में शिक्षकों ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को क्या पढ़ाया और बच्चों ने कितना पढ़ा, इसकी परीक्षा की घड़ी आ चुकी है अर्थात कल 18 फरवरी को यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू होने जा रही है। इस परीक्षा हेतु विभाग द्वारा बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सभी तरह की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं और कुछ कॉलेजों में तैयारियां अंतिम दौर में हैं। कॉलेजों में सिटिंग प्लान समेत तमाम व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में स्थित बीएसए इंटर कॉलेज कादराबाद, जीजीआईसी अफजलगढ़, एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी, चमनो देवी इंटर कॉलेज व राजबाला देवी इंटर कॉलेज सीरवासुचंद, जीएनआईसी व गीता देवी इंटर कॉलेज रेहड़, राखी मेमोरियल इंटर कॉलेज आसफाबाद चमन, राजकीय पीएम इंटर कॉलेज शाहपुर जमाल आदि में केंद्र व्यवस्थापकों ने तैयारियों को जांचा परखा। एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी के केंद्र व्यवस्थापक रमेश चक्रवर्ती, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक अमोल कुमार एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नकुल कुमार ने सीटिंग प्लान चेक किया। परीक्षा को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी।

# बी. फार्मा का परीक्षाफल घोषित



आयशा | अलीशा अंसारी | प्राची राठी | अरूशा खान | इल्मा जुविहा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर का बी.फार्मा कोर्स के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। जिसमें बी.फार्मा प्रथम सेमेस्टर की छात्रा आयशा ने 10 एस.जी.पी.ए. में से 9.45 एस.जी.पी.ए. के साथ प्रथम, अलीशा अंसारी ने 9.10 एस.जी.पी.ए. के साथ द्वितीय व प्राची राठी ने 8.90 एस.जी.पी.ए. के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अरूशा खान एवं इल्मा जुविहा ने 8.83 एस.जी.पी.ए. के साथ संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अमित गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय में निरन्तर कक्षाओं का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ताओं द्वारा किया जाता है। विवेक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. नरेश गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी व उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के डीन डॉ. सौरभ शर्मा ने छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि संस्थान में 44 छात्र/छात्राओं ने 7.5 से अधिक एस.जी.पी.ए. प्राप्त किया है और बताया कि स्कूल ऑफ फार्मेसी निरंतर विद्यार्थियों के अकादमिक और व्यक्तित्व विकास के लिये कार्यरत है।

# 170 लोगों को बांटी गई किट

**नगीना ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला काज़ी सराय स्थित मदरसा एहसानुल उलूम में आल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम यूनिट नगीना की ओर से 170 गरीब बेसहारा लोगों, विधवाओं को मुकद्दस रमजान में रोजे रखने के लिए किट बाटी गई। इस रमजान किट में उनके खाने के प्रयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुएं रखी थी। इस मौके पर ऑल इंडिया प्यामे इंसानियत फोरम के जिम्मेदार मुफ्ती फुजैल ने बताया कि रमज़ान किट में चावल, घी, तेल, मिर्च मसाले, सवैया, खजूर, जायनमा, मिसवाक वगैरह दी जाती है। मुफ्ती फुजेल ने बताया उनका मकसद उन बेसहारा गरीब लोगो की मदद करना है,जो मुकद्दस रमज़ान में रोजे रखते है और गुरबत उनके आड़े आ जाती है, इससे उन्हें रोज़ा रखने में मदद मिलती है। ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम यूनिट नगीना से हाजी तन्जील आलम ने बताया कि ऑल इंडिया प्यामे इंसानियत पूरे साल हिंदुस्तान और यूपी में गर्मियों में ठंडा पानी और शरबत के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और चौराहे पर निशुल्क शिविर लगती है और भाईचारा कायम करती है। ऐसे ही जाड़ों मे गर्म शाल, कंबल और गर्म कपड़े और बस स्टैंड और चौराहों पर गरम-गरम चाय नि:शुल्क वितरण करती है। इसका मकसद आपस में एक-दूसरों को समझ कर एक-दूसरे की मदद करने का जज्बा कायम करना होता है। उन्होंने बताया कि फोरम उन कैदियों को भी छुड़ाने का काम करती है, जिनका जुर्माना जमा नहीं होता और सजा काटने के बाद भी वह अपना मुआवजा अदा नहीं कर पाते तो ऐसे लोगों को समाज में अच्छा जीवन व्यतीत करने के लिए उनका जुर्माना फोरम की ओर से जमा करके उनको रिहाई दिलाने का काम करती है। इस मौके पर मौलाना आमिर, कारी रिजवान, मौलाना, हाजी तंजील आलम, मुफ्ती फुज़ैल, मोहम्मद आदिल, मुहम्मद अरबाज, कारी शाकिर आदि की मौजूदगी रही।

# इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में रिज़ल्ट घोषित

## कक्षा 8 बी की छात्रा इफरा बनी स्कूल टॉपर

**अफ़जलगढ़ ( चिंगारी )।** शहर के इलाहीबख़्श पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 और कक्षा 9 की गृह परीक्षा का रिज़ल्ट एक पुरअसर और खुशनुमा प्रोग्राम में घोषित किया गया। इस मौके पर स्कूल इंतज़ामिया और मेहमानों ने वालिदैन से अपील की कि वे बच्चों के बेहतर मुस्तकबिल के लिए उनके मददगार और रहनुमा बनें, ताकि तालीम के साथ उनकी शख्सियत और अख़लाक भी बेहतर हो सकें।

प्रोग्राम की शुरुआत नात-ए-शरीफ से हुई। इसके बाद मेधावी बच्चों को स्टेज पर बुलाकर इज़्ज़त अफ़ज़ाई की गई। नर्सरी से कक्षा 1 तक के ग्रुप में यूकेजी 'ए' के छात्र अरहम शादाब ने 100 फ़ीसदी नंबर हासिल कर पहला मुकाम पाया। कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के ग्रुप में शिफा नाज ताजुद्दीन ने 99.15 फ़ीसदी नंबर लेकर शानदार कामयाबी हासिल की। वहीं कक्षा 6 से कक्षा 9 तक के ग्रुप में कक्षा 8 'बी' की छात्रा इफरा मोहम्मद जैद ने 98.9 फ़ीसदी नंबर हासिल कर टॉपर बनने का एज़ाज़ पाया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर मुफ्ती इरफ़ान कासमी, मुख्य मेहमान हकीम हाजी अय्यूब, मुफ्ती हसीनुद्दीन, एडवोकेट सीताराम पिपलिया, मौलाना अख्तर सिद्दीकी समेत अन्य मेहमानों ने बच्चों को प्रतीक चिन्ह और तोहफे देकर उनकी हौसला अफ़ज़ाई की।




स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर अतहर महमूद सिद्दीकी ने अपने बयान में वालिदैन से कहा कि वे बच्चों पर सिर्फ निगरानी न रखें, बल्कि उनके दोस्त और रहनुमा बनें। मुख्य मेहमान हकीम हाजी अय्यूब ने मौजूदा हालात का ज़िक्र करते हुए वालिदैन से बच्चों की तालीम और तरबियत पर खास तवज्जो देने की अपील की। इस मौके पर एडवोकेट सीताराम पिपलिया, मुफ्ती हसीनुद्दीन और अन्य वक्ताओं ने भी तालीम की अहमियत पर रोशनी डाली। प्रोग्राम का संचालन स्कूल के असातिज़ा ने किया और आखिर में तमाम मेहमानों और वालिदैन का शुक्रिया अदा किया। स्कूल में आयोजित इस इज़्ज़त अफ़ज़ाई प्रोग्राम ने बच्चों में नई उमंग और हौसला पैदा किया और वालिदैन को बच्चों की तालीम में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

## वालिदैन का किरदार बहुत अहम-मुफ्ती इरफान

**अपने खिताब में मैनेजिंग डायरेक्टर मुफ्ती इरफान कासमी ने कहा कि बच्चों की कामयाबी में वालिदैन का किरदार बहुत अहम होता है। उन्होंने कहा कि वालिदैन स्कूल के प्रोग्राम में शिरकत करें और बच्चों की तालीम व तरक्की में बराबर दिलचस्पी लें। उन्होंने बताया कि बच्चों को बेहतर तालीम और नई टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए स्कूल में एडमिनिस्ट्रेटर की तैनाती की गई है, जिससे बच्चों के मुस्तक़बिल को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।**

# 75 लोगों ने किया रक्तदान

**नगीना (चिंगारी)।** नगर में नवस्थापित चेरिटेबल ब्लड सैंटर पर आयोजित रक्तदान शिवर में आठ महिलाओं समेत 75 लोगों ने रक्तदान किया। सोमवार को दोपहर धामपुर मार्ग स्थित नवस्थापित ब्लड बैंक पर आयोजित रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ अपर जिला जज अनुपम सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगीना में गोयल आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सक श्वेत कमल गोयल एवं नजीबाबाद ब्लड चेरिटेबल सेंटर के वरुण व प्रदीप ने धामपुर रोड पर नगीना चेरिटेबल ब्लड सेंटर की स्थापना कर जनहित में अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को रक्तदान करने बाहर नहीं जाना पड़ेगा।




इस अवसर पर विहिप नेता प्रदीप गर्ग, संदीप कादियान सोनीपथ, अमित कुमार, आदित्य विश्नोई, अंकित, सचिन, लखपतराय समेत 75 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर हास्यकवि हुड़दंग नगीनवी, मोहित गोयल,श्वेत कमल गोयल,चौधरी कुलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

# निराश्रित गौवंश के हमले में किसान गंभीर रूप से घायल, ग्रामीणों में रोष

**नहटौर (चिंगारी)।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मटेरा दर्गा में सोमवार को खेत पर काम कर रहे एक किसान पर निराश्रित गौवंश ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा गौवंश की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। गांव निवासी योगेंद्र सिंह सोमवार सुबह अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान एक निराश्रित गौवंश उनके खेत में घुस आया और फसल को नुकसान पहुंचाने लगा। योगेंद्र सिंह ने जब गौवंश को खेत से बाहर निकालने का प्रयास किया तो वह अचानक उग्र हो गया और उन पर हमला कर दिया। गौवंश ने उन्हें सींग मारकर गिरा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

किसान के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों की मदद से गौवंश को किसी तरह खदेड़ा और घायल किसान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में निराश्रित गौवंश की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। आएदिन गौवंश खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। कई बार गौवंश को भगाने के दौरान किसानों पर हमले की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

# गुलदार ने बाइक सवार पर झपट्टा मारा, बाल-बाल बचा

नहटौर (चिंगारी)। देर शाम ऑक्सफोर्ड चौराहा स्थित पुलिस चैकपोस्ट से करीब सौ मीटर की दूरी पर शादीपुर मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक गुलदार ने अचानक बाइक सवार पर झपट्टा मार दिया। गनीमत रही कि बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया और राहगीरों में भय व्याप्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक शादीपुर मार्ग से होकर गुजर रहा था। सड़क किनारे घनी झाड़ियों में छिपे गुलदार ने अचानक निकलकर बाइक की ओर छलांग लगा दी। चालक ने घबराहट के बावजूद संतुलन बनाए रखा और तेजी से आगे बढ़ गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यदि बाइक की गति धीमी होती तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। घटना से सहमे युवक ने तुरंत पास की पुलिस चैकपोस्ट पर पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पटाखे छोड़कर गुलदार को जंगल की ओर खदेड़ा। पुलिस ने आसपास के लोगों और राहगीरों को सतर्क रहने की सलाह दी तथा अनावश्यक रूप से सुनसान मार्गों पर अकेले न निकलने की हिदायत दी। स्थानीय लोगों का कहना है। कि पिछले कुछ समय से गुलदार की गतिविधियां क्षेत्र में बढ़ी हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से नियमित गश्त कराने, पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने और क्षेत्र में मुनादी कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों और सुबह-शाम खेतों की ओर जाने वाले किसानों के लिए खतरा बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि वन विभाग को सूचना दे दी गई है और संयुक्त रूप से निगरानी की जाएगी। फिलहाल लोगों से सतर्कता बरतने और समूह में आवाजाही करने की अपील की गई है।

समसामयिक


# दुर्घटना किसी एक की नहीं पूरे समाज की होती है!

**-प्रकाश पंकज हल्दौर**



भारत में सड़क दुर्घटनाएं अब केवल समाचारों की सुर्खियां नहीं रहीं, वे हमारे सामाजिक विवेक की परीक्षा बन चुकी हैं। लगभग प्रतिदिन सैकड़ों परिवार किसी न किसी रूप में सड़क हादसों की पीड़ा झेलते हैं। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु दर चिंताजनक है। उपलब्ध आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि बड़ी संख्या में वे लोग अपनी जान गंवाते हैं जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक नियम का उल्लंघन है, या जीवन के प्रति हमारी लापरवाही का प्रमाण?

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट स्पष्ट करती हैं कि सिर की गंभीर चोटें सड़क दुर्घटना मृत्यु का प्रमुख कारण हैं और मानक हेलमेट मृत्यु के जोखिम को उल्लेखनीय रूप से घटा सकता है। फिर भी हम में से अनेक लोग हेलमेट को बोझ समझते हैं, औपचारिकता मानते हैं, या केवल चालान से बचने का साधन। क्या जीवन की रक्षा भी अब दंड के भय पर निर्भर हो गई है?



परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले अभियान सघन जांच, चालान, बिना हेलमेट ईंधन न देना निस्संदेह आवश्यक और सराहनीय हैं। परंतु क्या समाज का दायित्व केवल इतना है कि अभियान के दिनों में नियमों का पालन करें और उसके बाद फिर पुरानी आदतों पर लौट आए? यदि कानून का पालन केवल निगरानी की उपस्थिति में हो, तो वह अनुशासन नहीं, बाध्यता भर रह जाता है। सबसे अधिक पीड़ादायक दृश्य तब सामने आता है जब नाबालिग किशोर दोपहिया वाहन चलाते दिखाई देते हैं। विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राएं, बिना हेलमेट, बिना वैध अनुमति, और कभी-कभी परिवार की मौन स्वीकृति के साथ। दुर्घटना के बाद शोक मनाने वाले वही परिवार क्या उस क्षण अपने निर्णय पर पुनर्विचार करते हैं? क्या क्षणिक सुविधा या दिखावे की स्वतंत्रता जीवन से अधिक मूल्यवान हो सकती है?

अभिभावकों का नैतिक दायित्व कानून से कहीं बड़ा है। अपने नौनिहालों को दोपहिया वाहन चलाने की अनुमति देना, यह जानते हुए कि वे न तो कानूनी रूप से अधिकृत हैं और न ही पूरी तरह परिपक्व। यह केवल नियम का उल्लंघन नहीं, बल्कि सुरक्षा के प्रति गंभीर उपेक्षा है। यदि घर से ही अनुशासन और सुरक्षा का संस्कार न मिले, तो समाज से अपेक्षा कैसे की जा सकती है?

विद्यालयों, समुदायों और स्थानीय संस्थाओं को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। यातायात नियमों की शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहार का हिस्सा बने। ग्रामीण, कस्बाई और शहरी सभी स्तरों पर बच्चों और युवाओं में यह चेतना विकसित करनी होगी कि हेलमेट 'चालान से बचाव' नहीं, 'जीवन का संरक्षण' है। युवा पीढ़ी की असामयिक मृत्यु केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, राष्ट्र की हानि है। हर खोया हुआ जीवन एक अधूरा स्वप्न है, एक अधूरा भविष्य है। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन का विषय नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक नैतिक परीक्षा है। समय आ गया है कि हम स्वयं से प्रश्न करें, क्या हम सचमुच जीवन को प्राथमिकता देते हैं? यदि उत्तर हां है, तो हेलमेट पहनना, नाबालिगों को वाहन न सौंपना और नियमों का स्वेच्छा से पालन करना हमारा न्यूनतम कर्तव्य है। सड़क पर लिया गया प्रत्येक निर्णय केवल व्यक्तिगत नहीं होता, वह किसी परिवार के भविष्य से भी जुड़ा होता है।

जब तक सुरक्षा हमारी आदत नहीं बनेगी, तब तक कानून भी अधूरा रहेगा। और जब तक समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करेगा, तब तक दुर्घटनाएं केवल आंकड़े नहीं, हमारी संवेदनहीनता का आईना बनी रहेंगी।

अंत में जीवन के महत्व पर मशहूर शायर राहत इंदौरी का यह मार्मिक शेर आता है—

**लगेगी आग तो आएंगे घर कई ज़द में,**
**यहां पे सिर्फ़ हमारा मकान थोड़ी है।**

# ट्रैक्टरों से बैटरी और ई-रिक्शा चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## बैटरी खरीदने वाला दुकानदार भी पकड़ा गया



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** पुलिस ने बीते दिनों थाना क्षेत्र में किसानों के ट्रैक्टरों से हुई चोरी का खुलासा करते हुये तीन आरोपियों को चोरी हुए सामान के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिनगर में दिनांक 9 फरवरी की रात्रि चोरों ने किसान अंकित व उसके पड़ोसी के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैट्रे चोरी कर ली थी। पुलिस की जांच में रोहतास पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम पाईनदापुर, थाना डिलारी, जनपद मुरादाबाद-हाल पता मुकरपुर गुर्जर थाना हीमपुर दीपा, आदिल पुत्र शौकीन निवासी ग्राम सदलपुर तेली थाना चांदपुर के नाम प्रकाश में आये। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 15 दिन पूर्व रात्रि में उन्होंने अपने साथी हाशिम उर्फ़ कट्टो पुत्र इरशाद निवासी ग्राम रवाना तथा गौतम पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम नारनौर थाना चांदपुर के साथ मिलकर ग्राम हरीनगर में घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की थी। इसके अतिरिक्त थाना हल्दौर क्षेत्र ग्राम जैनुलअबेदीन से एक ई-रिक्शा चोरी किया था तथा लगभग डेढ़ माह पूर्व चांदपुर के मोहल्ला चिम्मन से एक ई-रिक्शा चोरी किया गया था, जिसे सलेमपुर खादर थाना हीमपुर दीपा के जंगल में झाड़ियों के बीच छुपा दिया था, जबकि उन्होंने ई-रिक्शा छुपाने से पूर्व ही बैटरी निकाल ली थी। रोहतास द्वारा उक्त बैटरियों को एक किराए की ई-रिक्शा में रखकर कस्बा जलीलपुर स्थित वाजिद पुत्र कासीमुद्दीन की इनवर्टर बैटरी की दुकान पर बेच दिया था। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने के जुर्म में वाजिद को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशादेही पर पुलिस ने चोरी किया सामान को बरामद कर तीन को जेल भेज दिया है।

# दही-शक्कर खिलाकर तथा टीका लगाकर परीक्षा के लिये रवाना किया

**चांदपुर (चिंगारी)।** द हेज़लमून स्कूल में कक्षा दस के सभी छात्र-छात्राओं को शुभ संकेत के रूप में टीका लगाया गया तथा दही-शक्कर खिलाकर उन्हें परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान कराया गया तथा उनके सफल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने, समय का सही उपयोग करने और शांत मन से प्रश्नों को हल करने की सलाह दी। उन्होंने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित परिश्रम और दृढ़ निश्चय से सफलता अवश्य मिलती है। सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की।



छात्रा को टीका लगातीं प्रधानाचार्या गरिमा सिंह

# 21 को सैदपुर माफी आयें, महापंचायत को सफल बनायें



**नूरपुर (चिंगारी)।** आगामी 21 फ़रवरी को क्षेत्र के गांव सैदपुर माफी में तीन जनपदों की महापंचायत प्रस्तावित है। महापंचायत को यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सम्बोधित करेंगे। महापंचायत को सफल बनाने के लिए रविवार को भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। क्षेत्रीय भ्रमण के फोर उन्होंने क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना, चेलापुर, नंगली जाजू, इनायतपुर आदि गांवों में जनसम्पर्क कर अधिक से अधिक लोगों से महापंचायत में पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह,लोकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जैन शिशु सदन का वार्षिकोत्सव सम्पन्न, छात्राओं ने प्रस्तुत किये मनोहारी कार्यक्रम

**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर के जैन शिशु सदन जूनियर स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।



सोमवार को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एमडी सुमन जैन, अक्षय जैन, सौरभ जैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष शेरकोट वीरेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि मशहूर गायक बिजनौरी फेम गुलफाम अहमद, शायर इरशाद धामपुरी, शायर शफकत भारती, असलम फरीदी धामपुर और प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुभाष जैन रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति और स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से होने के बाद बच्चों ने नृत्य, संगीत, सामाजिक, कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। शाम तक चले कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गए 'प्रकृति संरक्षण', 'मां-बाप का सम्मान', 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और 'शिक्षा का महत्व', देश भक्ति के नाटक व गीत और प्रस्तुत कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में बच्चों को पढ़ाई के साथ अनुशासित बनने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सुमन जैन की अध्यक्षता और शकाफत एस भारती के संचालन में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में एमडी सुमन जैन, अक्षय जैन, सौरभ जैन, प्रधानाचार्या रक्षी परवीन सहित विद्यालय स्टाफ और काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# एच.एम. गर्ल्स इंटर कॉलेज सहसपुर में बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण

**सहसपुर (चिंगारी)।** 18 फरवरी से होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर सहसपुर स्थित एचएम गर्ल्स इंटर कॉलेज सहसपुर को परीक्षा सेंटर बनाया गया है। प्रधानाचार्या श्रीमती सितारा परवीन ने बताया कि उनके कॉलेज में 426 छात्र-छात्राओं का परीक्षा सेंटर बनाया गया है, जिसमें आदर्श जनता एचएसएस दौलतबाद, एचएसएम इंटर कॉलेज जयरामपुर, श्रीमती दुर्गिया आरपी एचएसएस काज़मपुर और एचएम गर्ल्स कॉलेज सहसपुर देहात का सेंटर हैं, जिसमें करीब हाईस्कूल के 141 छात्र और 136 छात्राएं परीक्षा देंगी और इंटरमीडिएट की 149 छात्राएं परीक्षा देंगी। कुल छात्र और छात्राएं मिलाकर 426 विद्यार्थियों का परीक्षा सेंटर बनाया गया है। अध्यापक मयंक वर्मा ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा की तैयारी पूरी हो चुकी है। परीक्षाएं कैमरे की निगरानी में कराई जायेंगी और नकलची के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। कॉलेज के प्रबन्धक आफताब आलम, बदरुल हसन ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



आफताब आलम



श्रीमती सितारा परवीन

# 'उतिष्ठ 2026' में जेनेसिस स्कूल के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल

**अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में आयोजित प्रतिष्ठित एंटरप्रेन्योरशिप समिट 'उतिष्ठ 2026' में शिक्षा, कला और संस्कृति का खूबसूरत संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में स्टार्टअप पिचिंग, उद्योग जगत के नामचीन विशेषज्ञों की गुफ़्तगू, स्थानीय ब्रांड्स की पेशकश और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को रौनक से भर दिया। समिट के तहत आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में लगभग 20 विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन मुकाबलों में जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रों की तालमेल भरी प्रस्तुति और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने निर्णायकों को ख़ासा प्रभावित किया। इसी क्रम में कला प्रतियोगिता के तहत पेंटिंग श्रेणी में विद्यालय की छात्रा अंशिका सिंह (कक्षा 8) ने द्वितीय स्थान तथा तनिष्क (कक्षा 8) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मकता का शानदार परिचय दिया। उनकी कलाकृतियों में रंगों का नफ़ीस इस्तेमाल और विषय की गहरी समझ साफ़ झलकती रही। विद्यार्थियों की इस कामयाबी में विद्यालय की कला शिक्षिका सना अली और नृत्य शिक्षक कमल के अथक प्रयास, मार्गदर्शन और समर्पण का अहम योगदान रहा। शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन ने मिलकर इस सफलता को मुमकिन बनाया। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि पर खुशी और फ़ख़्र का माहौल रहा। विद्यालय के चेयरमैन सोहन सिंह सहोता, प्रबंध निदेशक सनप्रीत सिंह सहोता तथा प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मुबारकबाद दी और उनके उज्वल मुस्तक़बिल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



# 100 बच्चों को लगाया गया एम आर का टीका

**स्योहारा (चिंगारी)।** सोमवार को एम आर टीकाकरण अभियान का प्राथमिक विद्यालय स्योहारा प्रथम में स्योहारा के समाजसेवी ओर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने फीता काटकर किया शुभारंभ। स्कूल में डॉ. मनोज वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खसरे के वायरस से शरीर में कई तरह के लक्षण दिखाई देते हैं। इसमें पूरे शरीर में रैशेज, दाना के साथ ही बुखार, खांसी, नाक का बहना, आंखों से पानी आना व लाल होना आदि के लक्षण होते हैं। इसके अलावा खसरे में कान का संक्रमण, दस्त और निमोनिया होने की भी


बच्चे के टीकाकरण के दौरान डाक्टर मनोज वर्मा

### टीका पूरी तरह सुरक्षित

*सीएचसी प्रभारी डाक्टर वीके स्नेही ने बताया कि एम आर टीका पूर्ण तरह सुरक्षित है। इस टीके से कोई रिएक्शन नहीं होती। यदि किसी बच्चे को हल्का बुखार आता है, तो उसके लिए दवा उपलब्ध कराई जाएगी। चूंकि यह अभियान सभी बच्चों के लिए अनिवार्य है, इसलिए अभिभावकों की सहमति लेना आवश्यक नहीं होगा।*

संभावनाएं रहती है। इसके कुछ मामलों में मस्तिष्क को क्षति होने के लक्षण भी देखें जाते हैं। इसलिए खसरा, रुबेला का टीका अवश्य लगवाए। इसके लिए अलग से कोई दब नहीं है। इस दौरान डा. बी. के स्नेही, डॉ. राकेश कुमार, चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र रावत, हैल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार स्कूल प्रधानाचार्य सुनील कुमार, सीडीपीओ हेमलता सैनी, महिला सुपरवाइजर कविता शर्मा ओर समस्त स्कूल स्टाफ आदि मौजूद रहा।

# पीपल्स यूथ फ्रंट ने प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा




**बिजनौर (चिंगारी)।** पीपल्स यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव धीमान के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। गौरव धीमान ने यूजीसी का समर्थन करते हुए इसे पूर्ण लागू करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पीपल्स यूथ फ्रंट राष्ट्रीय स्टर का संगठन है और राष्ट्र में सभी नागरिकों के सवैंधानिक अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए कार्यरत हैं। इसके साथ ही उन्होंने गांव-कस्बों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में फड़ व ठेले वालों से अवैध वसूली को रोके जाने की मांग की। इस अवसर पर भीमसैन, अर्चना धीमान, शशिकला गौतम, कांव्याश धीमान, रामकुमार सिंह, रामकिशन शर्मा, अनिल शर्मा, सोमपाल सैनी, राजपाल सैनी, रिजवान मलिक, राजीव धीमान, योगेन्द्र सैनी, मौ. नबील, मोहित पाल, अंकित पाल, अरविन्द, मो. सलीम, सहदेव भारती आदि मौजूद रहे।

# कुएं के झेरे में गिर गया गुलदार रेस्क्यू टीम निकाल रही बाहर



**पैजनिया (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव तोहफापुर के जंगल में कुएं के झेरे में एक गुलदार गिर गया, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पैजनिया चौकी पुलिस एवं वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर गुलदार को झेरे से बाहर निकालने में जुट गई। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि में किसी समय गुलदार गांव तोहफापुर निवासी कल्लन सिंह के कुएं के झेरे में गिर गया। खेत पर काम करने गए कुछ ग्रामीणों ने कुएं के झेरे में आवज सुनी, जिस पर ग्रामीणों ने झेरे में झांककर देखा तो उनके होश उड़ गए। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग एवं पैजनिया चौकी के इंचार्ज कमलेश सिंह, प्रवीण शर्मा, सहित कई पुलिस कर्मी गुलदार को झेरे से बाहर निकालने के रेस्क्यू अभियान में जुटे हुये हैं।

# क्रिकेट एसोसिएशन में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों के ट्रायल कल होंगे

**बिजनौर (चिंगारी)।** क्रिकेट एसोसिएशन की एक बैठक एक रेस्टोरेंट पर हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि UPCA के अंतर्गत बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान मे जिला बिजनौर के जिन अंडर 19 के क्रिकेट खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है, उन खिलाड़ियों के ट्रायल कल 18 फरवरी को दोपहर 3.00 बजे से नेहरू स्टेडियम बिजनौर पर होंगे। बैठक की अध्यक्षता डॉ ए. के. अग्रवाल ने व संचालन संयुक्त सचिव संजीव चौधरी ने किया। बैठक में नागेन्द्र सारस्वत, अजय जैन, दीपक भटनागर, मानव सचदेवा, चितवन शर्मा, परोपकार सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ट्रायल देने वाले खिलाड़ियों को क्रिकेट किट में आना आवश्यक है। सभी को अपनी रजिस्ट्रेशन स्लिप, जन्म प्रमाण पत्र/आधार कार्ड की मूल प्रति साथ लाना आवश्यक है।

# चूहे ने लगा दी घर में आग सारा सामान जलकर खाक

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम चकगोवर्धन स्थित एक घर में जलते हुए दीपक की बत्ती को चूहे द्वारा खींच ले जाने के कारण भीषण आग लग गई। अग्निकांड में पीड़ित परिवार का करीब 1.20 लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। आज प्रात: ग्राम चकगोवर्धन निवासी बालक राम की पुत्री लक्ष्मी ने घर के मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। पूजा करने के बाद वह जंगल चली गई। इसी बीच चूहे ने जलते हुए दीपक की बत्ती को खींच लिया और उसके पास में रखे कपड़ों के ढेर पर डाल दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक घर में रखा अधिकांश कीमती सामान जल चुका था। पीड़ित परिवार के अनुसार नकदी व कपड़े घर में रखे पहनने के सभी कपड़े और मार्कशीट और शैक्षिक दस्तावेज जलकर राख हो गए हैं। घर में रखी स्पोर्ट्स किट भी पूरी तरह जल गई है, जिससे खिलाड़ी बेटी के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है।

# ब्राह्मण समाज की बेटी को अपमानित करने वालों के खिलाफ ज्ञापन दिया


एसडीएम को ज्ञापन देते समिति के अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा व महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट।

**चांदपुर (चिंगारी)।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति ने वरिष्ठ पत्रकार एवं ब्राह्मण समाज की बेटी रूचि तिवारी के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के कुछ तथाकथित छात्रों द्वारा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने तथा उनके साथ मारपीट व उसके कपड़े फाड़ देने की घटना की कड़े शब्दों में भर्त्सना करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में यूजीसी संशोधन 2026 को तुरंत वापस लेने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इस कानून के लागू होने से देश में जातिवाद फैलने तथा समाज के विभिन्न वर्गों में विद्वेष फैलने का खतरा है। ज्ञापन देने वालों में समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी, प्रदेश महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट, डा. विनोद शर्मा, तहसील अध्यक्ष डा. विपिन शर्मा, नन्द कुमार शर्मा, कपिल शर्मा, नागेश्वर कौशिक, उदित राज कौशिक, संजीव शर्मा एडवोकेट, कुलदीप सिंह एडवोकेट व वीरेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट आदि शामिल थे।

# पुल के लिये धनराशि स्वीकृत करने हेतु सीएम धामी को मांग पत्र सौंपा

**नांगल सोती (चिंगारी)।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2024 में जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपुर रायघटी के सामने खसरा नं. 291 के आसपास गंगा पर पुल का निर्माण कराये जाने की घोषणा की थी। इस पुल का दूसरा सिरा नांगल क्षेत्र से जुड़ेगा। लोक निर्माण विभाग लक्सर ने पुल का एस्टीमेट तैयार कर अग्रसारित किया था। पुल की अनुमानित लागत 110 करोड़ रूपये आंकी गई थी। प्रथम चरण में आगणन हेतु 234 लाख 80 हजार का एस्टीमेट तैयार किया गया था। फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय में लंबित बतायी जाती है। आदर्शनगर, नजीबाबाद के आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा इस सम्बन्ध में लगातार उत्तराखंड के लोनिवि विभाग, शासन से पत्राचार कर रहे हैं। सोमवार को मनोज शर्मा ने श्यामपुर (उत्तराखंड) में आयोजित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जनचौपाल कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हें मांग-पत्र सौंपा और प्रथम चरण की धनराशि स्वीकृत कर जल्द कार्य शुरू कराने की मांग की। सीएम को आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध कराये। भाकियू (भानु) के जिला सचिव कपिल गौड़, श्यामसुंदर राठी, रुद्रेश चौहान भी मौजूद रहे।


मनोज शर्मा

# संत निरंकारी मंडल का सत्संग 22 फरवरी को

**धामपुर (चिंगारी)। संत निरंकारी मंडल दिल्ली से सम्बद्ध स्थानीय शाखा द्वारा 22 फरवरी, रविवार को राज फार्म हाउस जैतरा में सत्संग, रैली और विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए भीम सिंह एडवोकेट, मा. मदनपाल सिंह, रामानंद सागर, नंदराम विश्व प्रकाश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर लंगर व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संत निरंकारी भवन जैतरा में किया जाएगा।**

# रमज़ान : सेहत, सब्र और इंसानियत का महीना

**–डॉ. कलीम अहमद, चांदपुर**



इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र माने जाने वाला महीना रमज़ान बस शुरू होने ही वाला है। यह महीना सिर्फ़ सुबह से शाम तक ख़ाली पेट रहकर रोज़ा रखने का नाम नहीं है, बल्कि यह अपने आपमें एक बड़ी नेमत है। दुनिया के हर महान धर्म में किसी न किसी रूप में उपवास या रोज़े की परंपरा मिलती है, चाहे वह हिन्दू धर्म का व्रत हो, ईसाई धर्म का लेंट हो या बौद्ध धर्म की तपस्या। इंसान जब कुछ समय के लिए खाने–पीने से रुकता है, तो शरीर को आराम मिलता है, मन हल्का होता है और आदतें सुधरने लगती हैं। रमज़ान इसी बदलाव को अपनाने का सबसे अच्छा मौका है। यह महीना हमें सिखाता है कि कैसे हम अपनी ज़िंदगी में अच्छे काम, अच्छी आदतें और बेहतर सोच ला सकते हैं, चाहे वह खाने–पीने की आदतें हों या दूसरों के साथ बर्ताव। रोज़ा अपने आपमें सेहत के लिए फ़ायदेमंद है, लेकिन अगर हम कुछ छोटी–छोटी बातों का ध्यान रखें, तो यह फ़ायदा और भी बढ़ जाता है। जैसे कि रोज़े के दौरान जिस्म में पानी की कमी जल्दी हो जाती है, इसलिए इफ़्तार से लेकर सहरी तक ख़ूब पानी पिएं, नींबू पानी, नारियल पानी या सादा पानी, जो भी मिले, लेते रहें। कोल्ड ड्रिंक और बहुत मीठे जूस से बचें। इफ़्तार हल्का और सेहतमंद रखें। इफ़्तार में पेट पर ज़ोर डालने की ज़रूरत नहीं होती, कोशिश करें कि खजूर और पानी से इफ़्तार करें। फल, सलाद, दही और हल्का खाना लें, तले हुए पकवान कम से कम खाएं। सहरी में ऐसा खाना खाएं जो देर तक जिस्म को ताक़त दे, जैसे दलिया, ओट्स, अंडा, दही, फल और फ़ाइबर से भरपूर चीज़ें। बहुत नमकीन चीज़ों से बचें, क्योंकि इससे प्यास ज़्यादा लगती है। रमज़ान में बाज़ार की तली–भुनी चीज़ें खाने का मन करता है, लेकिन कोशिश करें कि घर का बना खाना खाएं, तेल और मसाले कम रखें और ज़्यादा मीठा न खाएं।

जो लोग किसी बीमारी की वजह से रोज़ दवाइयां लेते हैं, जैसे शुगर, ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, अस्थमा या कोई और लंबा चलने वाला इलाज, उन्हें रोज़ा रखने से पहले अपने डॉक्टर से ज़रूर मशविरा कर लेना चाहिए। हर दवा का असर अलग होता है, और आपके डॉक्टर ही बेहतर बता सकते हैं कि दवा का समय कैसे बदला जाए, कौन–सी दवा रोज़े में सुरक्षित है और किससे परहेज़ करना चाहिए। अपने आप किसी दवा में कोई बदलाव न करें, क्योंकि ये नुक़सानदेह हो सकता है, इसलिए अपने डॉक्टर की सलाह के बिना दवा में कोई बदलाव न करें, रमज़ान का महीना अच्छी आदतें अपनाने का सुनहरा मौका होता है। रोज़ा सिर्फ भूख–प्यास रोकने का नाम नहीं है, बल्कि यह हमें सब्र, दूसरों की मदद करना, बुरी आदतों से दूरी बनाना और अच्छी आदतों को अपनाना सिखाता है। अगर हम चाहें, तो यह महीना हमारी पूरी ज़िंदगी बदल सकता है, खाने–पीने से लेकर सोच और हमारी शख्सियत भी। आख़िर में, माहे रमज़ान हमें जोड़ता है, बांटता नहीं। यह महीना हमें अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैग़ाम देता और सिखाता है कि मोहब्बत फैलाएं, नफ़रत से दूर रहें, एक–दूसरे की मदद करें और इंसानियत को सबसे ऊपर रखें, आइए इस पवित्र महीने में हम सब मिलकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश फैलाएं और दुआ करें, अपने लिए, अपने परिवार के लिए, और अपने प्यारे मुल्क के लिए, आप सभी को रमज़ान मुबारक।

# मैं जल हूं




उठो, जागो समय को पहचानो।
मुझे बचाने की तुम अब ठानो।।
मैं जल हूं मेरा महत्व जानो।
मेरी सृष्टि की जरूरत मानो।।
मेरे बिन जन-जीवन है अधूरी।
मुझे बचाने हेतु संचयन जरूरी।।
मेरे बिन जिंदगी कैसे होगी पूरी।
जग में जल युद्ध बनेगी मजबूरी।।
आदि अंत का मैं स्रोत तुम्हारी।
गंगा- नर्मदे हों निर्मल तुम्हारी।।
मुझसे बुझती तृष्णा तुम्हारी।
मुझे बचाना मजबूरी तुम्हारी।।
मुझसे अंकुरित जीवन तुम्हारा।
मैं हूं खेतों का सहारा तुम्हारा।।
मुझ बिन कैसे गुजारा तुम्हारा।
मैं जल हूँ और कल हूँ तुम्हारा।।
हर बूंद अनमोल समझा करो।
मेरा यथा शक्ति सदुपयोग करो।।
जब भी मेरा उपयोग किया करो।
मुझे व्यर्थ यूं ही नहीं बहाया करो।।
जन जीवन हेतु मेरा संचय करो।
मैं हूं चिंतित मुझ पर दया करो।।
मुझे बचाने का ठोस प्रयत्न करो।
नादान मनुज मुझ पर कृपा करो।।

**–रवीन्द्र कुमार राणा**
(साहित्यकार एवं प्रकृति प्रेमी)

## ग़ज़ल

# बेटी के इंतेकाल पर कही गई

ना आओ याद तो एहसान होगा
मेरे जीने का यह सामान होगा
बताती है यह शौरनी न कशे पाकी
घड़ी भर का कोई महमान होगा
किसी के काम जो आता नहीं है
वह इन्सा भी कोई इनसान होगा
मेरे घर पर कोई आएगा क्यों कर
अगर आया तो वोह अनजान होगा
मुझे आवाज दी है जिन्दगी ने
अभी बाक़ी कोई अरमान होगा
तुम्हारे दम से थी इस घर की रौनक
न होंगे तुम तो यह वीरान होगा
चलो कुच्छ नूर से बातें करेंगे
घड़ी भर का सुना मेहमान होगा



**–डॉ. मु. दाऊद 'नूर'**
नगीना
मो. 7060140330

# कोई हिन्दू बन गया, कोई मुसलमां बन गया



जुल्म के बाज़ार में ये रोशनी कैसे हुई
भीड़ जब आगे बढ़ी तो एक सरहद बन गया
और फिर तहज़ीब के फूलों में खुशबू आ गई
एक दीपक नाम का लड़का मौहम्मद बन गया
नफ़रतों की आग में जलती रही इन्सानियत
कोई ज़हरीली फज़ा में राहते जां बन गया
छुप गये परदे के पीछे मजहबों के ख़ैर ख्वाह
कोई हिन्दू बन गया कोई मुसलमां बन गया
प्यारे हिन्दुस्तान को मज़हब की दीमक लग गई
हमको इक उम्मीद है कोई मसीहा आएगा
दिल के ज़ख़्मों पर लगायेगा जो मरहम प्यार का
आसमानों से उतरकर वो फरिश्ता आएगा
शब्द बाबा खास है पीरों, फकीरों के लिये
अब किताबों में ये अफसाने परेशां हो गये
ये तमाशा देखकर शर्मिंदगी होने लगी
आजकल तो लफ्ज भी हिन्दु मुसलमां हो गये
फिर परिन्दे मुसकुराएंगे मौहब्बत के यहां
फिर वफ़ाओं के वही रंगीन मौसम आएंगे
अस्ल मतलब क्या है आज़ादी का समझा जाएगा
सारी कौमें एक हैं, कहते हुये हम आएंगे



**–शनावर किरतपुरी**
मो. 9917444800

# आईएचएमएस की तीन छात्राओं का हुआ कैम्पस सलेक्शन

# तीन से पांच लाख का जॉब ऑफर मिलने पर झूमीं छात्राएं

## पूर्व में 7 छात्र-छात्राएं बैंक व पेटीएम में हुये थे चयनित



मुस्कान रावत शगुन भाटिया गरिमा भाटिया

कोटद्वार ( चिंगारी )। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में शिक्षा ले रही तीन छात्राओं का कैंपस सलेक्शन देश की जानी मनी कंपनी और हॉस्पिटल में हुआ है। रिबूट कंपनी और नॉबल हॉस्पीटल के सीनियर एचआर मैनेजर ने छात्राओं का साक्षात्कार लेकर उन्हें नियुक्ति-पत्र सौंपे हैं। बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि गत दिनों कॉलेज में कैंपस सलेक्शन के तहत संस्थान में साक्षात्कार हुए थे। जिसमें बीबीए कोर्स के फाइनल ईयर के छात्र- छात्राओं ने दो राउंड में साक्षात्कार दिये। जिसमें से छात्रा शगुन भाटिया और गरिमा भाटिया का एचआर एसोसिएट के पद पर चयन हुआ हैं। इनका शुरुआती पैकेज तीन से चार लाख के बीच निर्धारित किया गया है, जबकि छात्रा मुस्कान रावत का रिबूट कंपनी के सर्विस डिलीवरी इंटरनेशनल विभाग में कस्टमर सक्सेस एग्जीक्यूटिव के पद पर चयन हुआ है। मुस्कान का शुरुआती पैकेज चार से पांच लाख प्रति वर्ष निर्धारित किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा ने बताया कि कॉलेज को नैक की बी प्लस ग्रेड मिलने के बाद अब देश की जानी-मानी कंपनियां बच्चों के चयन के लिए कैंपस सलेक्शन के तहत कॉलेज का विजिट कर रही हैं। जिसका सीधा लाभ यहां शिक्षा ले रहे छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। बताया कि कुछ दिन पूर्व सात छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट पेटीएम और एक्सीस बैंक में हुआ है। आने वाले समय में अनेक कंपनियां, बैंक और पांच सितारा होटल के एचआर मैनेजर छात्र-छात्राओं के कैंपस सलेक्शन के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कॉलेज के प्राध्यापकों के बताए मार्ग पर चलकर साक्षात्कार दने की अपील की है।

# यूकेडी ने सिद्धखाल से निकाली धार्मिक यात्रा

## बाद में किया भण्डारा

कोटद्वार ( चिंगारी )। यूकेडी सांगठनिक जनपद कोटद्वार अध्यक्ष मुकेश बड़थ्वाल व पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की ओर से लैंसडौन विधान सभा के सिद्धखाल से ताड़केश्वर महादेव तक धार्मिक यात्रा निकाली गई। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। यूकेडी के वरिष्ठ नेता और स्थानीय ग्रामीण सिद्धखाल बाजार में एकत्रित हुये। यहां से वे रिखणीखाल, ढाबखाल, देवियोंखाल, चखुलियाखाल और गुंडलखेत होते हुए ताड़केश्वर महादेव पहुंचे। इस दौरान छोटी-छोटी सभाओं का आयोजन भी किया गया और लोगों से आने वाले चुनावों में यूकेडी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया गया। ताड़केश्वर महादेव में भंडारे के साथ यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में केंद्रीय उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश भारद्वाज, भरत मोहन काला, सत्यपाल नेगी, अनूप चौहान, विजय सिंह, नवीन नेगी, प्रदीप कुमार और सुरेश रावत सहित बड़ी संख्या में आस पास के गांवों के ग्रामीण शामिल रहे।

# टावरों में आ रही नेट संबंधी परेशानी

## ग्रामीणों के नहीं हो पा रहे जरूरी काम

कोटद्वार ( चिंगारी )। जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सिलवाड़ और सिद्धपुर में स्थापित मोबाइल टावरों में नेट संबंधी दिक्कतों ने लगभग दस गांवों के ग्रामीणों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। हालत यह है कि मोबाइल से बात तो हो रही है, लेकिन नेट न चलने से लोगों के आवश्यक कार्य नहीं हो पा रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीण मनोज सिंह, अजय रावत, विनयपाल सिंह, दीपक कुमार, बलबीर सिंह और रघुवीर सिंह आदि ने बताया कि पिछले दस दिनों से मोबाइल में नेट नहीं चल रहा है। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। बताया कि कहने को तो ग्राम सिलवाड़ में बीएसएनएल और सिद्धपुर में जियो कंपनी का मोबाइल टावर लगा हुआ है, लेकिन पिछले दस दिनों से टावरों से नेट नहीं चल पा रहा है। इस कारण मोबाइल से रिचार्ज कराने वालों और अपने लैपटाप से घर ही कार्य करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां पहले मोबाइल में नेट घर बैठकर ही चल जाता था, वहीं अब उन्हें नेट संबंधी कार्यों के लिए दूर जाना पड़ रहा है। कहा कि कंपनियों के अधिकारियों को इस संबध में अवगत करा दिया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। व्यापक जनहित को देखते हुए गड़बड़ी को दूर किया जाना चाहिए।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# एमकेवीएन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'शंखनाद' का समापन

## प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

कोटद्वार ( चिंगारी )। एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप आफ स्कूल्स में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता 'शंखनाद' का समापन हो गया है। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समापन समारोह का आरंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी, कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी और शिक्षा निदेशिका सिन्धु कोठारी सहित अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के विभिन्न सदनों के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट करते हुए अतिथियों को सलामी दी। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समापन दिवस पर आयोजित खेलों के अंतर्गत एमकेवीएन कण्वघाटी के प्राइमरी वर्ग की बालक-बालिका वर्ग की सेक रेस में आदित्य-कृतिका ने प्रथम, अनुभव-अंशिका ने द्वितीय एवं रूद्र पांडे-राशि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। थ्री लेग रेस में आयुषि-अदिति ने प्रथम, मन्नत-इशानी ने द्वितीय तथा तान्या-इशिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी की बैलून बैलेंसिंग रेस में देवांश-लविश ने प्रथम, आदर्श-शिवाय ने द्वितीय तथा, अनवी-अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यूकेजी की ब्लो द स्ट्रिप रेस में क्रिस्टी, श्रेयांश व विहान ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका व बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में शकुन्तला हाऊस विजेता रहा। एमकेवीएन स्कूल दुर्गापुरी के प्री प्राइमरी वर्ग के अंतर्गत प्ले वर्ग की फ्रॉग रेस में अनिकेत, कृषा व सोमिक चौधरी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महर्षि कण्व हाऊस विजेता एवं सम्राट भरत हाऊस उप विजेता रहा। वहीं एमकेवीएन स्कूल देवीरोड में पिछले दो दिनों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अशोक जखमोला, अनिल सैनी, चिराग कुकरेती, नितिश कुमार, पुष्पा केष्टवाल और ममता नेगी आदि शिक्षकों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को लेकर कांग्रेस और भाजपा में जुबानी जंग शुरू



कोटद्वार में पत्रकारों से रूबरू होते भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल।

कोटद्वार ( चिंगारी )। लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अब कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। कांग्रेस नेत्री रंजना रावत कमर्शियल व्हीकल चलने की अनुमति न मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बता रही है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौव नौटियाल कुछ लोगों पर इस मामले में भ्रम पैदा करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने लालढांग -चिलरखाल मार्ग पर उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सुनने में आ रहा है कि फैसले में कमर्शियल वाहन नहीं चलेंगे, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इस मार्ग सभी तरह के वाहनों को चलने की अनुमति मिले जिससे आमजन को राहत मिल सके। दो दिन पूर्व भाजपा विधायक महंत दिलीप रावत भी इसको लेकर बयान दे चुके है। इस मामले को लेकर अब भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौव नौटियाल ने सोमवार शाम पत्रकार वार्ता कर स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि कोर्ट का फैसला आने के बाद कुछ लोग जनता के बीच भ्रम पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही सड़क निर्माण करने जा रही । उन्होंने कहा कि पेंसेजर वाहन पूर्व की भांति चलते रहेंगे।

# सच्ची शिवरात्रि बुराइयों को त्यागने से मनाई जाती है : बहन बी.के. ज्योति

कोटद्वार ( चिंगारी )। नगर निगम के अंतर्गत नजीबाबाद रोड स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में शिव जयंती महोत्सव उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ संचालिका बहन बी के ज्योति व मुख्य अतिथि दीपेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। बहन बीके ज्योति ने कहा कि यह महोत्सव शिव के अवतरण का स्मृति दिवस है। उन्होंने बताया कि सच्ची शिवरात्रि केवल उपवास या पूजा-अर्चना करने से नहीं, बल्कि अपने जीवन की बुराइयों-काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार-को त्यागने से मनाई जाती है। परमात्मा शिव हमें राजयोग ध्यान के माध्यम से आत्मा को पवित्र और शक्तिशाली बनाने की शिक्षा देते हैं, जिससे मानव देवतुल्य बन सकता है। कहा कि यदि हम अपने अंदर की नकारात्मकता को समाप्त कर प्रेम और शांति को अपनाएं, तो समाज और विश्व में शांति स्थापित हो सकती है। उन्होंने कहा कि परमात्मा का स्मरण कर, राजयोग का अभ्यास कर और सेवा भाव अपनाकर हर व्यक्ति अपने जीवन को सुखमय बना सकता है। मुख्य अतिथि दीपेंद्र सिंह भंडारी ने ब्रह्माकुमारी केंद्र के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा अनुभव हुआ और समाज में नैतिक मूल्यों के प्रसार के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को भी राजयोग और आध्यात्मिक ज्ञान से जुड़कर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीके भाई-बहन और नगरवासी उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# कांग्रेस की तरह समाजवादी पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी- योगी



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधान परिषद में बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अगर यही हाल रहा तो कांग्रेस की तरह समाजवादी पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी। ये दल देश की अस्मिता, संस्कृति और आस्था से खिलवाड़ करते हैं। कांग्रेस ने तो भगवान राम और कृष्ण को मिथक कर दिया था, जबकि सपा ने जन्माष्टमी से लेकर अयोध्या की परिक्रमा तक पर रोक लगी दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सरकार ने लोकमाता महारानी अहिल्या बाई होलकर की काशी विश्वनाथधाम में प्रतिमा लगाई है, जबकि कांग्रेस और सपा के लोग राम मंदिर का, मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और काशी विश्वनाथ का विरोध करते हैं। इतना ही नहीं सपा के लोग कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव तक का विरोध करते हैं, कांग्रेस इनसे भी आगे है और कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में राम के अस्तित्व को ही नकार दिया।

## कांग्रेस से सबक ले सपा

राम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा को कांग्रेस से सीखना चाहिए, क्योंकि अपने आचरण के कारण ही विधान परिषद में कांग्रेस नहीं है तो सपा भी आने वाले दिनों में यहां नहीं दिखेगी। उन्होंने कहा कि सपा के सदस्य कोई भी ऐसा आचरण न करें, जो समाज में विभेद पैदा करता हो। जिम्मेदार विपक्ष के रूप में भूमिका का निर्वहन करें। राज्यपाल का आभार व्यक्त करें। विपक्ष के लोग भी सर्वसम्मति से धन्यवाद प्रस्ताव पारित करें।

## सूचना

हमने अपने पुत्र बरूण शर्मा व उसकी पत्नी श्रीमती नीतू शर्मा से खराब व्यवहार के कारण सभी संबंध समाप्त कर दिये हैं। अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से भी विमुक्त व वंचित कर दिया है। कोई भी बरूण शर्मा व उसकी पत्नी के साथ लेनदेन या ऋण आदि कार्य करता है तो स्वयं जिम्मेदार होंगे, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-राजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र स्व. गंगाराम शर्मा- श्रीमती रेखा शर्मा निवासी मौहल्ला मकबरा, स्टेशन रोड, नजीबाबाद।**








# शीघ्र आवश्यकता है

1. रेडिमेड कपड़े दिखाने हेतु सेल्समैन एवं सेल्स गर्ल्स की।
2. रेडिमेड कपड़ों के आल्ट्रेशन हेतु टेलर की।

अनुभवी युवक एवं युवतियों को प्राथमिकता ।

वेतन योग्यता के अनुसार

**लक्ष्मी गारमेन्ट्स**

निकट लखपतराय पाठशाला, भगत सिंह चौक, धामपुर, मो. 9897912244

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"

के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"

योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-

- ★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
- ★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
- ★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
- ★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।

हमारे अचीवर्स




**BIJNOR PUBLIC SCHOOL**

A Co-educational Senior Secondary School.

Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

Hero

# आवश्यकता है

**जे.पी. ऑटोमोबाइल्स**

( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )

Hero

हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679